जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ❖ अंक 02 ❖ जुलाई 2025 ❖ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
## श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर
## श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

## अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के त्रै-वार्षिक चुनाव सत्र : 2025-28

**मतदान तिथि : रविवार 27 जुलाई, 2025**
**मतदान समय : प्रातः 8 बजे से सायं 5.00 बजे तक**

### मतदान केन्द्र

**जोन-1**
एम.पी.एस. इन्टरनेशनल,
भाभा मार्ग, तिलक नगर,
जयपुर

**जोन-2**
माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल
सेक्टर-1, विद्याधर नगर,
जयपुर

**जोन-3**
महर्षि अरविंद इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट,
अम्बाबाडी, विद्याधर नगर, जयपुर

**जोन-4**
खंडेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
वैशाली नगर, जयपुर

**जोन-5**
कपिल ज्ञानपीठ विद्यालय
शिप्रा पथ, गंगा जमुना पैट्रोल पम्प,
मानसरोवर, जयपुर

**जोन-6**
माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (mps)
विजयपथ, तिलक नगर,
जयपुर

**सम्पर्क सूत्र : 0141-2623500**

प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए समाज द्वारा निर्धारित प्रूफ ऑफ आइडेंटिटी ( फोटो सहित ) Passport, Voter ID, PAN Card, Aadhar Card, Driving License में से कोई एक प्रस्तुत करने पर एवं जोन अनुसार समाज रिकॉर्ड से फोटो मिलान कर ही मत पत्र दिया जायेगा।

**प्रथम बार**
80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की सहमति प्राप्त होने पर 25 जुलाई, 2025 को उनके घर से मतदान करने की सुविधा रहेगी।

स्थापित-1961

64 वर्षो से आपके विश्वास पर खरी...

# माहेश्वरी चाय

आपके कप की चाय

## पेड़ों पर झूले, सावन की फुहार
## बधाई हो आपको, आया **हरियाली तीज** का त्यौहार




आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय

**माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि.,** जयपुर (राज.) फोन : 0141 - 2740919, 2312723

contact@maheshwaritea.com www.maheshwaritea.com

www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

SIDDHI

# जयपुर माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ❖ अंक 02 ❖ जुलाई 2025 ❖ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति







# At 265 DEGREE CONSULTANTS, we offer India's most structured, scientific approach to VASTU.

**CALL FOR APPOINTMENT**
+91-9782549090
+91-9929811117

Struggling with stress, slow growth, or bad vibes at home or work?
It could be your VASTU. Here's how we fix it — *without breaking a single wall!*

## 7 SIMPLE STEPS TO SET YOUR SPACE RIGHT:

1. Share your floor plan & Google location.
2. We do a 20+ point Vastu check
3. Suggest easy, practical fixes (no demolition!)
4. Guide you on interiors & colours
5. Use your birth details for personalized AstroVastu
6. Visit to install metal remedies & Manjusha Kalash
7. See the shift — in health, money, mood & energy

**INSTAGRAM**
@265degreeconsultants

**WEBSITE**
www.265degreeconsultants.com

**PAN-INDIA**
Online & On-Site Consultations Available

**TRUSTED BY HOMEOWNERS, ENTREPRENEURS, BUILDERS, AND INDUSTRY LEADERS ACROSS INDIA.**

- No breaking walls.
- No big changes.
- Just smart Vastu corrections.

Send us your floor plan and we'll guide you from there!

वर्ष 16 । अंक 2 । जुलाई, 2025
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय :
तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल,
तिलक नगर, जयपुर-04

पंजीकृत कार्यालय :
श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता,
चौड़ा रास्ता, जयपुर-03

Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

संपादकीय



चन्द्रमोहन शारदा
सलाहकार संपादक
98291-17051



आशीष सोमानी
प्रधान संपादक
99502-17000



संजय बियाणी (नावां)
संपादक
98290-68590

## रिश्तों को बनाए रखें, टूटने न दें

सावन की सुहानी-मनभावन ऋतु चल रही है। प्रदेश में बारिश भी अच्छी हो रही है। कुल मिलाकर मौसम खुशनुमा है। पर्व-त्यौहार ऐसे मौसम का आनंद और बढ़ा देते हैं। सावन में त्यौहारों की कमी नहीं। मनुष्य स्वभाव से ही उत्सव प्रिय होता है। समाज बंधु तो वैसे भी उत्सव मनाने में आगे रहते हैं। यह उनके उमंग और जिजीविषा का प्रमाण है। स्वस्थ रहने के लिए खुश रहना जरूरी होता है। खुशहाल मनुष्य प्रत्येक पर्व को सोल्लास मनाता है। गत दिनों गुरु पूर्णिमा पर्व पर यह देखने में भी आया। समाजबंधुओं ने अत्यंत श्रद्धा से अपने गुरुजनों और बुजुर्गों को याद किया। उनके सम्मान में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, क्योंकि गुरु ही जीवन को दिशा देता है।

इसी माह के अंतिम सप्ताह में हरियाली तीज का पर्व जोर-शोर से मनाया जाएगा। यह महिलाओं का प्रिय त्यौहार है। समाज की महिलाएं इसे बड़ी धूमधाम से मनाती हैं।

अगले माह यानी अगस्त में रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे बड़े त्यौहार हैं। यह दोनों त्यौहार हिंदू संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन तो घर-घर और हर मंदिर में मनाया जाता है। हम श्रीकृष्णजी का जन्मदिन तो मनाएं ही, साथ ही उनके आदर्शों को भी अपनाएं। विशेषकर नई पीढ़ी को उनसे यह सीखना चाहिए कि भगवान श्रीकृष्ण ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपना धैर्य नहीं खोया। विषम परिस्थितियों का उन्होंने हंसते हुए सामना किया।

रक्षाबंधन भाई-बहन के प्यार का ऐसा पर्व है, जो सभी को भावुक कर देता है। वे भाई भाग्यशाली हैं, जिन्हें बहनों का प्यार मिल रहा है। इन रिश्तों को बनाए रखें, क्योंकि वर्तमान में परिवारों में जिस तरह रिश्ते टूट रहे हैं, वह चिंताजनक है।

सभी समाज बंधुओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं।

**सादर जय महेश।**

मनोज मूंदड़ा - महामंत्री
द्वारा श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक व मुद्रक


OrthoSquare
Rediscover Your Confidence with
CLEAR ALIGNERS
Starting from
24,999*
Free Consultation
Faster Results
Free 3D Oral Scanning
Advanced Technology
Dr. Kunal Shet
Founder of Orthosquare Multispeciality Dental Clinic
Dr. Riddhi Rathi
Founder of Orthosquare Multispeciality Dental Clinic
ORTHOSQUARE MULTISPECIALITY DENTAL CLINIC
125+ Pan India Clinics
25,000+ Google Reviews
5Lakh+ Happy Patients
2Lakh+ Implants Placed
Scan QR Code to Book Your First
FREE Consultation with Implantologist
+91 70420 05277 | +91 86557 01307
www.orthosquare.com
*T&C Apply
AFFORDABLE NO COST EMI
BAJAJ FINSERV
Visit your nearest clinic in
JAIPUR
14/122, Shipra Path, Mansarovar Sector 1, Mansarovar, Jaipur, Rajasthan
No 113,114,115 A, Fist floor, Manglam Apex Tower, Tonk Rd, Lalkothi, Jaipur, Rajasthan
Clinics in Pan India
Delhi-NCR | Haryana | Rajasthan - Jaipur | Madhya Pradesh - Bhopal, Indore | Gujarat - Ahemedabad, Rajkot | Surat, Vapi, Valsad, Vadodara
Maharashtra - Mumbai, Thane, Pune, Navi Mumbai, Aurangabad, Nagpur, Nashik | Karnataka - Bengaluru, Hubballi, Mysore, Mangalore
Hyderabad | Tamil Nadu - Chennai, Tiruchirapalli | Kerala - Kochi, Vytilla, Trivandrum | Goa - Madgaon, Porvorim

स्थापना वर्ष 1925



**केदार मल भाला**
अध्यक्ष

सेवा और समर्पण के 100 वर्ष
शताब्दी वर्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

# विकास कार्यों में समाज बंधुओं का रहा सहयोग

"जीवन का अनमोल समय जो सेवा में बिताया है इससे बेहतरीन ज्ञान का भंडार मैंने पाया है।"

**सादर जय महेश**

समय बीतते देर नहीं लगती। देखते-देखते तीन वर्ष बीत गए। समाज बंधुओं के सहयोग से कार्यकाल बहुत अच्छा बीता। समाज के लोग जिस तरह मिल-जुलकर रहते हैं, इसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। जरूरत पड़ने पर कोई किसी की मदद करने में पीछे नहीं रहता। हमारी एक विशेषता और भी है कि मतभेद कितना ही हो जाए, पर मन भेद कभी नहीं होता। अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण जयपुर माहेश्वरी समाज निरंतर विकास और प्रगति के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है।

मौजूदा कार्यकारिणी के कार्यकाल में अनेक उल्लेखनीय कार्य हुए। लगभग सभी पर्व व त्यौहार मनाए गए। माहेश्वरी समाज की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें समाज बंधुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हमें हमारे पूर्वजों पर गर्व होता है कि उन्होंने अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए एक ऐसे समाज की नींव डाली, जिसने जनहित के कामों में कमी नहीं रखी।

शिक्षा के क्षेत्र में तो माहेश्वरी समाज आगे रहा ही। ईसीएमएस ने शिक्षा के साथ-साथ चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवा में भी कदम रखकर एक इतिहास रच दिया। समाज बंधुओं के सहयोग से 'माहेश्वरी मेडिकल इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर' का कार्य जल्द पूरा होगा, ऐसी आशा है।

अंत में सभी से अपील करता हूँ कि वे आगामी 27 जुलाई को होने वाले समाज एवं इसकी अंतर्गत संस्थाओं के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों के चुनावों में अपने मत का अवश्य प्रयोग करें एवं समाज के इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक पर्व से अधिकाधिक स्व बंधुओं को जोड़कर समाज की उन्नति में अपना योगदान देवें।

एक बार फिर सभी के सहयोग के लिए आभार।

**जय श्री कृष्णा।**


भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब घुटना प्रत्यारोपण कराये
AI (Artificial Intelligence) & AR (Augmented Reality) तकनीक द्वारा
Robotic AI और AR तकनीक के फायदे
रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
सबसे उन्नत और सटीक
जटिलताओं का जोखिम कम
बेहतर परिणाम
पहले से और भी सुरक्षित
MISSO Planner
Robotic Arm
PARTANI CLINIC
डॉ. अरुण परतानी
एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट
16 वर्षों का सफल अनुभव
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!
डॉ. भारती परतानी
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
15 वर्षों का सफल अनुभव
Quality Dental Care
☑ Dental Implants
☑ Teeth Whitening
☑ Root Canal
☑ Composite Filings
☑ Ceramic or
☑ Porclain Crowns
☑ And Many More......
किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइयग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।
175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501



# हरियाली तीज

## सावन के झूले मेरे मन को छू लें

हरी-भरी धरती पर सुगंधित बयार से इठलाती सावन की बौछारें वातावरण को महका कर दिलों में खुशियों को जन्म देती हैं। सावन हरियाली का मास है। शस्य श्यामला धरती पूर्ण सौभाग्य के साथ अपने सौंदर्य को प्रकट कर मुस्कराती है। हरे नुकीले तिनकों से अपनी खुशी का इजहार करती है। रिमझिम फुहारें गिरकर धरती के आंचल को ठंडक प्रदान करती हैं। सावन का सुहाना मौसम सबको तप्त गरमी से राहत देकर सुखद अनुभूति से भर देता है।

सावन का महीना धार्मिक भावनाओं के साथ उल्लास को भी सहेज लाता है। हरे-भरे वातावरण में पेड़ों पर पड़े झूले मन की पेंगों को भी प्रभावित करते हैं। सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज का पर्व महिलाएं बहुत उत्साह से मनाती हैं। ये पर्व नारियों के साज श्रृंगार का त्योहार तो है ही अपने साथ उनकी पतिव्रत्य भक्ति को भी दर्शाता है। शिव-पार्वती के प्रेम का प्रतीक यह त्योहार भक्ति की शक्ति को प्रकट करता है। मां पार्वती ने अनेक जन्मों के बाद भगवान शिव को पति रुप में प्राप्त किया था। वे ही प्रसन्न होकर इस दिन स्त्रियों को अखण्ड सौभाग्य का वर देती हैं। महिलाएं व्रत रखकर अपने पति के जीवन की मंगल कामना करती हैं।

भारत में पूरे वर्ष त्योहारों का आना जाना लगा रहता है। विभिन्न त्योहारों को पूर्ण आस्था और प्रेम से मनाकर भारतीय अपनी परंपराओं का निर्वहन करते हैं। मिष्ठान्न- व्यंजन आदि बनाकर इस त्योहार को खास बनाया जाता है। घेवर इस त्योहार की पसंदीदा मिठाई है। घरों में और पेड़ों पर झूले पड़ जाते हैं। विवाह के बाद बेटियां मायके आती हैं। अपनी सखी सहेलियों के साथ झूला झूलकर अपने बचपन को फिर से जीती हैं। बाबुल के घर आकर उनका बचपन लौट आता है। झूले की पेंगों के साथ सावन के गीत और कजरी उनके मन के भावों को प्रकट करती हैं।

मायके से बेटियों का विशेष जुड़ाव होता है। मायके से बेटियों को उपहार मिलते हैं पर उन्हें अपने रिश्ते बड़े प्यारे होते हैं। साल भर बेटियां बाट जोहती हैं इस दिन की। सावन का महीना उनकी उम्मीदों का महीना होता है जिसमें कुछ दिन वे मायके में बिताना चाहती हैं। जिन बेटियों को पीहर से बुलावा नहीं आता या सिंजारा नहीं आता वे अपने गीतों में अपनी पीड़ा व्यक्त करती हैं। मां का आंगन, बाबुल का घर और तीज का त्योहार उनकी महकती यादों की वो खुश्बू है जिसे वे भरपूर जीना चाहती हैं।

तीज का त्योहार दुर्भावनाओं को समाप्त कर जीवन को खुशहाल बनाने का त्योहार है। तीज अपने नाम के अनुरुप ही ये संदेश भी देता है कि तीज में तीन विकारों का परित्याग कर देना चाहिए। दैनिक जीवन में मनुष्य अपने अंदर अनेक बुराइयों को समाहित रखता है। छल करना, कपटपूर्ण व्यवहार करना, झूठ बोलना और पर निंदा करना उनके लिए आम होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सावन मास की तृतीया तिथि बहुत पावन होती है इस दिन अपने तीन दुर्गुणों को अवश्य त्याग देना चाहिए। छल, बुरा व्यवहार और पर निंदा ये वो विकार हैं जो मनुष्य को पतन की ओर ले जाते हैं।

आधुनिक युग में मान्यताएं भी बदली हैं और त्योहार मनाने के ढंग भी आज तीज से पहले ही विभिन्न क्लब, होटलों में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। तीज क्वीन चुनी जाती है। मेंहदी, गीत नृत्य आदि अनेक कार्यक्रमों में महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेती हैं। प्रथम स्थान आने पर पुरस्कृत होती हैं। कई दिन पहले से ही महिलाएं उत्साहित होकर त्योहार की तैयारियों में जुट जाती हैं। प्राचीन समय में साधारण तरीके से मनाए जाने वाली हरियाली तीज आज भले ही आधुनिकता के आवरण में लिपट गई हो पर विश्वास और आस्था अपने उसी स्थान पर है। त्योहारों की गरिमा में कोई फर्क नहीं पड़ा।



# तीज पर सत्तू क्यों खाया जाता है?

हमारे सनातन धर्म के त्यौहार की हर वस्तु का हर जीव का एक अपना महत्त्व है।

और उस महत्त्व के अनुसार उस चीज को महत्त्व दिया गया है।

- जैसे होली आने पर फसल पकती है गेहूं से सारे खेत सुनहरे रंग के हो जाते हैं।
- बसंत मे पीली सरसों छा जाती है।
- गेहूं सुनहरी रंग की आभा बिखेरता है।
- इसी कारण से मार्च में बैसाखी का पर्व होता है और होली का त्यौहार और लोहरी भी।
- और इसी समय भगवान विष्णु ने अपने शत्रुओं का नाश किया था व हिरण्य कश्यप को मोक्ष दिया था।क्योंकि वह उनके भक्त प्रहलाद पर अत्याचार कर रहा था।
- इसी प्रकार तिलों का सेवन और तिल के लड्डू मकर संक्रांति पर खाए जाते हैं क्योंकि उस समय सर्दी अपनी चरम सीमा पर होती है।
- तिल गर्म, कैल्सियम से भरपूर और पौष्टिक होता है। और मकर संक्रांति पर 25 मकर के दिन और प्तचिल्ला जाड़े पूरे बाकी होते हैं।
- इसी प्रकार सत्तू शरीर को ठंडक देता है व प्रोटीन से भरपूर है। अत: गर्मियों में सत्तू का सेवन किया जाता है

प्रोटीन तो हर पदार्थ मे होता है पर चने का प्रोटीन पेट साफ करता है व हल्का होता है। अर्थात ऊमस के मौसम में सत्तू का सेवन स्वास्थ्य भी सही रखता है।

और हरियाली तीज पर जब उमस बहुत ज्यादा होती है तो गर्मी से राहत देने के लिये तीज पर सत्तू खाते हैं।

- चना एकदम एनर्जी देता है, इसलिए भगवान विष्णु और माता का प्रिय भोजन है।
- गाय का मक्खन हमेशा श्रीकृष्ण का प्रिय भोजन है क्योंकि गाय छरहरी व फुर्तीली होती है।
- मोदक गणेश जी का प्रिय पदार्थ है क्योंकि पहाड़ पर उगने वाला अन्न चावल है।



# हरियाली अमावस्या पर करें भगवान विष्णु की खास पूजा

सावन का महीना बहुत ही कल्याणकारी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरियाली अमावस्या किसी भी प्रकार का नया कार्य नहीं करना चाहिए, हालांकि यह दिन दान-पुण्य और पूजा-पाठ के लिए शुभ माना गया है। इसके अलावा यह दिन पितरों के तर्पण के लिए भी बेहद अच्छा होता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पितरों का तर्पण करने से उन्हें बैकुंठ धाम में स्थान प्राप्त होता है।

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार अमावस्या 24 जुलाई, 2025 को मनायी जायेगी। जो लोग इस दौरान भगवान विष्णु के नामों का जाप करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

सावन शिव जी का प्रिय माह है और इस माह की अमावस्या प्रकृति का आभार मानने का पर्व है। हरियाली अमावस्या पर ऐसे कर्म करें, जिनकी वजह से प्रकृति को लाभ होता है। शिव पूजा के साथ ही मंदिर या पार्क जैसी सार्वजनिक जगहों पर पौधे लगाएं, साफ-सफाई का ध्यान रखें।

इस अमावस्या पर पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। अगर नदी में स्नान नहीं कर पा रहे हैं तो घर पर पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। स्नान करते समय गंगा, यमुना, नर्मदा, सिंधु, कावेरी, शिप्रा जैसी पवित्र नदियों का ध्यान करें। ऐसा करने से घर पर ही तीर्थ स्नान के समान पुण्य मिल सकता है।

### अमावस्या पर ऐसे करें पितरों के लिए धूप-ध्यान

घर-परिवार के मृत सदस्यों को पितर देव माना जाता है और पितर देवता ही अमावस्या तिथि के स्वामी हैं। अमावस्या पर पितरों के लिए श्राद्ध कर्म करना चाहिए। इस तिथि पर पितरों के लिए धूप-ध्यान, तर्पण, पिंडदान और दान-पुण्य करना चाहिए।

दोपहर में करीब 12 बजे गाय के गोबर से बने कंडे जलाएं और जब कंडों से धुआं निकलना बंद हो जाए, तब अंगारों पर गुड़-घी अर्पित करें। इस दौरान पितर देवता का ध्यान करते रहना चाहिए। धूप देने के बाद हथेली में जल लें और अंगूठे की ओर से पितरों के नाम से जल जमीन पर छोड़ दें।

### कर सकते हैं इन चीजों का दान

इस अमावस्या पर पितरों के नाम पर जल दान, तर्पण और पिंडदान करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को अनाज, धन, जूते-चप्पल, कपड़े, खाना, छाता, चावल, दालें, मिठाई, मौसमी फल भी दान कर सकते हैं। ■



# सिंजारा
## सुहागिनों के सजने-संवरने का दिन

सिंजारा एक प्रमुख राजस्थानी त्योहार है, जो विशेष रूप से तीज के एक दिन पहले मनाया जाता है। यह त्योहार पारंपरिक रूप से महिलाओं और बेटियों के लिए होता है, जिसमें उन्हें सुंदर वस्त्र और मिठाइयों के साथ सजाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, तीज का त्योहार सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। विवाहित महिलाओं के लिए यह दिन महत्त्वपूर्ण है। इस दिन ये सभी महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और माता पार्वती से सुहाग, घर में निरंतर सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना करती हैं। तीज से एक दिन पहले आयोजित होने वाले सिंजारे उत्सव का विशेष महत्त्व है। तीज से एक दिन पहले महिला के मायके से साज सिंगार का सामान आता है।

### सिंजारा क्या होता है?

सिंजारा, जिसे सिंधारा या छोटी तीज भी कहा जाता है, तीज त्योहार से पहले का एक दिन होता है। सिंजारा का अर्थ है सजना-संवरना। यह त्योहार खासकर महिलाओं और लड़कियों के लिए होता है, जिसमें वे नए कपड़े पहनती हैं, मेहंदी लगाती हैं और मिठाइयाँ बांटती हैं। हरियाली तीज से एक दिन पहले विवाहित महिला के मायके से सौंदर्य प्रसाधन की सोलह वस्तुएं भेजी जाती हैं जिन्हें सिंजारा कहा जाता है। कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन और मिठाइयाँ भी वहाँ भेजी जाती हैं। ऐसा कहा जाता है कि माता-पिता सिंजारे परंपरा का पालन करते हुए अपनी बेटियों को आशीर्वाद देते हैं ताकि वह हमेशा खुश रहे। अविवाहित लड़कियां भी सुयोग्य वर पाने के लिए हरियाली तीज का व्रत रखती हैं। जिन लड़कियों की शादी की तय होती है, उनके पति के रिश्तेदारों द्वारा भावी बहू को शादी के तोहफे भेजे जाते हैं। सिंजारे की परंपरा मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में प्रचलित है।

सिंजारे में दिए जाने वाले सामान

**सोलह शृंगार की चीजें :** साड़ी • सिंदुर • काजल • बिंदी • गजरा • मेहंदी • कंघा • पायल • बिछिया • झुमके • इत्र/परफ्यूम • लाल/ हरी चूड़ी।

यह कुछ मुख्य सिंजारे के सामान है, इसके अलावा आप अपने अनुसार शृंगार की सामग्री अपने बेटी या बहू को भेज सकते है।

इसके अलावा आप निम्नलिखित वस्तुएं भी भेज सकते हैं–

**लिपस्टिक:** विभिन्न रंगों की लिपस्टिक, जो सुंदरता को बढ़ाती है।

**फाउंडेशन:** चेहरे की त्वचा को समतल और खूबसूरत बनाने के लिए फाउंडेशन दिया जाता है।

**फेस पाउडर:** चेहरे की चमक को बनाए रखने के लिए फेस पाउडर का उपयोग किया जाता है।

**नैल पेंट:** नाखूनों को सजाने के लिए विभिन्न रंगों की नैल पेंट दी जाती है।

**हेयर ऑइल:** बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाने के लिए हेयर ऑइल दिया जाता है।

**बॉडी लोशन:** त्वचा को नर्म और मुलायम बनाने के लिए।

मिठाइयों में फीणी और घेवर सिंजारे में जरूर भेजा जाता है इसके अलावा रसगुल्ला और मावे से बनी मिठाई भी भेजी जा सकती है।

बेटी की साड़ी के साथ दामाद के कपड़े भी भेजे जाते है। कई क्षेत्रों में सास-ससुर और बच्चों के कपड़े देने की प्रथा है।



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आध्यात्मिक संदेश

वर्तमान समय में लोगों का जन्मदिन मनाने का रिवाज़ बहुत प्रचलित है। शायद यह प्रथा हमारे पूज्य महापुरुषों व देवताओं के जन्मदिन मनाने से ही प्रेरित हुई होगी। भारतवर्ष में, कभी स्वामी विवेकानन्द जी, कभी महावीर जी, कभी गाँधीजी, कभी तिलक जी की जयंती और कभी सुभाषचंद्र बोस जी का जन्मदिन मनाया जाता है। यहाँ ध्यान देने योग्य बात है कि दूसरे जो प्रसिद्ध व्यक्ति हुए हैं, जिनके जन्मदिन एक सार्वजनिक उत्सव बन गये हैं, वे कोई जन्म से ही पूज्य या महान नहीं थे। वे रत्न-जड़ित स्वर्णमुकुट से भी सज्जित नहीं थे और ना ही वे 'महाराजाधिराज-श्री' की उपाधि से तथा 'पवित्र-श्री' अथवा 'पूज्य-श्री' की उपाधि से युक्त थे। अत: 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव' इस दृष्टिकोण से अनुपमेय है, क्योंकि श्रीकृष्ण को तो भारत के राजा भी पूजते हैं और महात्मा भी महान एवं पूज्य मानते हैं। जैसे कि हम सभी जानते हैं कि स्वामी विवेकानन्द संन्यास लेने के बाद ही महान माने गये। महात्मा गांधी प्रौढ़ अवस्था में ही एक राजनीतिक नेता के रूप में प्रसिद्ध हुए। यही बात संत तुलसी, संत कबीर एवं वर्धमान महावीर जी आदि के बारे में भी कही जा सकती है। परन्तु श्रीकृष्ण की विशेषता है कि उनके जन्म के समय भी उनकी माता को विष्णु चतुर्भुज का साक्षात्कार हुआ और वे जन्म से ही पूज्य पदवी को प्राप्त थे। आप उनके किशोरावस्था के चित्रों में भी उन्हें रत्नजड़ीत ताज सुशोभित देखते होंगे। उनकी बाल्यावस्था के जो चित्र मिलते हैं, उनमें भी वे मोरपंख, मणि-जड़ित आभूषण तथा प्रभामण्डल से युक्त देखे जाते हैं।

## आज के परिप्रेक्ष्य में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का संदेश

भारत में मनाये जाने वाले पर्व और जयंती मनुष्य को उसकी विवेचना करने, उनकी महानताओं को आत्मसात करने तथा स्मृतियों को ताजा करने के होते हैं। वैसे जन्म दिन तो हर एक मनुष्य का मनाया जाता है परन्तु कुछ महापुरुष अथवा देवपुरुष ऐसे हैं जिससे लोगों को अलौकिक एवं आध्यात्मिक शक्ति तथा महान कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। यही कारण है कि विज्ञान के युग में भी इसकी महत्ता दिनों-दिन बढ़ती जाती है। ऐसे भी, आज के युग में श्रीकृष्ण की जयंती मना लेना ही पर्याप्त नहीं बल्कि उनके द्वारा किये महान कर्मों के बारे में गहराई से चिंतन करने की आवश्यकता है। उनका जन्म एक ऐसे वक्त पर हुआ जब संसार में अधर्म, पापाचार, अत्याचार, पारिवारिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होना, आसुरी वृत्ति का बोलबाला, सत्यता लुप्त होकर झूठ का साम्राज्य था। उनकी बाल-लीलाओं तथा प्रत्येक कर्मों की आध्यात्मिक व्याख्या मनुष्य के लिए सन्देश है।

श्रीकृष्ण 16 कला सम्पूर्ण और सर्वांग सुंदर थे।

यह भी सत्य है कि जिन व्यक्तियों की जयंतियां मनाई जाती हैं वे 16 कला सम्पन्न नहीं थे। श्रीकृष्ण में शारीरिक आरोग्यता और सुंदरता थी, आत्मिक बल और पवित्रता थी तथा दिव्य गुणों की पराकाष्ठा थी। सतयुग से लेकर कलियुग के अंत तक मनुष्य चोले में जो सर्वोत्तम जन्म हो सकता है वह उनका था, अन्य कोई शारीरिक य आत्मिक दोनों दृष्टिकोणों से उतना सुंदर, आकर्षक, प्रभावशाली व्यक्ति ना ही हुआ और न ही हो सकता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व इतना महान और आकर्षक था कि यदि आज भी वे इस पृथ्वी पर कुछ देर के लिए प्रकट हो जाएँ तो सभी प्राणी उनके सामने नत-मस्तक हो जाएंगे और मंत्रमुग्ध हो उनकी छवि निहारते खड़े रह जाएंगे। अगर सामान्य तौर पर देखा जाये तो उनका जन्म, केवल एक साधारण मनुष्य के जन्म की तरह दिखायी देगा परन्तु जब हम तार्किक और उनके कर्त्तव्यों की व्याख्या करेंगे तब उनके मानवीय कल्याणकारी संदेशों का आभास होने लगेगा।

गीता में कृष्ण ने अर्जुन को मानवीय धर्म का विस्तृत वर्णन कर युद्ध के लिए प्रेरित करना, परमात्मा में विश्वास के लिए जगत नियंता परमात्मा के असली स्वरूप का साक्षात्कार कराना-मनुष्य को गहराई से सोचने के लिए काफी है। श्रीकृष्ण एक ऐतिहासिक महापुरुष थे इसका स्पष्ट प्रमाण 'छान्दोग्य उपनिषद' में मिलता है। इसके (3.17.6) अध्याय में कहा गया है कि देवकी पुत्र श्रीकृष्ण को महर्षि आंगिरस ने निष्काम कर्म रूप उपासना की शिक्षा दी थी, जिसे ग्रहण कर श्रीकृष्ण तृप्त अर्थात् सम्पूर्ण पुरुष हो गए थे अर्थात् वे ईश्वर के तुल्य महान कर्म करने वाले बन गये थे।

श्रीकृष्ण ने अर्जुन को मनुष्यों के देह से ऊपर उठते हुए आत्मकेन्द्रित होने के लिए आत्मा और उसकी सम्पूर्ण क्रियाओं का विवेचन किया था। अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा था कि 'जिनको तुम अपना समझ रहे हो और जिन्हें सगे-सम्बन्धी कह रहे हो, ये सब केवल शारीरिक रूप में हैं। ये तो पहले से ही मरे हुए हैं। आत्मा कभी मरती नहीं और संसार में जितने भी लोग हैं वे सभी आत्मायें है, शरीर नहीं।' वास्तव में, अर्जुन अर्थात् ज्ञान का अर्जन करने वाला। इसलिए आज प्रत्येक मनुष्य को अर्जुन बनने की आवश्यकता है। श्रीकृष्ण ने प्रत्येक मनुष्य की मन:स्थिति की अवस्थाओं का रूप बताया है। महाभारत प्रत्येक घर

की कहानी बतायी है। जिसका बिगड़ता रूप हर एक घर में देखा जा सकता है। आज हर घर में भाई-भतीजावाद की पराकाष्ठा है कि लालचवश एक-दूसरे की हत्या, व्यभिचार और अत्याचार की कोई सीमा नहीं है।

## श्रीकृष्ण इतने महान कैसे बने?

अब प्रश्न उठता है कि जबकि श्रीकृष्ण जन्म से ही महान थे तो अवश्य ही उन्होंने पूर्व जन्म में कोई महान पुरुषार्थ किया होगा। लोगों में एक छन्द भी प्रसिद्ध है जिसका अर्थ यह है कि 'हे राधे तुमने कौन-सा ऐसा पुरुषार्थ किया था कि जिससे वैकुण्ठ नाथ श्रीकृष्ण तुम्हारे अधीन हो गये?' तो जो बात राधे के बारे में पूछने योग्य है, वही श्रीकृष्ण के बारे में पूछी जा सकती है कि 'वह कौन-सा सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ था जिससे उन्होंने उस सर्वश्रेष्ठ देवपद को तथा राज्य-भाग्य को प्राप्त किया?' श्रीमद्भागवत् में लिखा है कि कृष्ण योगीराज थे, वे योगाभ्यास किया करते थे। परन्तु सोचने की बात है कि योगाभ्यास या अन्य कोई पुरुषार्थ तो किसी अप्राप्त सिद्धि की प्राप्ति के लिए किया जाता है, परन्तु श्रीकृष्ण तो पूर्णत: तृप्त थे क्योंकि उन्हें धर्म, धन और जीवनमुक्ति सभी श्रेष्ठ फल प्राप्त थे। सोलह कला सम्पूर्ण देवपद से भला और क्या उच्च प्राप्ति हो सकती थी कि जिसके लिए श्रीकृष्ण योगाभ्यास करते? श्रीकृष्ण के जीवन में तो किसी दिव्य गुण की, आत्मिक पवित्रता या शक्ति की या श्रेष्ठ भाग्य के अन्तर्गत गिनी जाने वाली अन्य किसी वस्तु, भोग्य, आयु आदि की कमी नहीं थी कि जिसकी प्राप्ति के लिए वे योगाभ्यास करते? अतएव विवेक द्वारा तथा ईश्वरीय महावाक्यों द्वारा स्पष्ट है कि वास्तव में श्रीकृष्ण ने अपने पूर्व जन्म में अर्थात् श्रीकृष्ण पद प्राप्त होने से पहले वाले जन्म में योगाभ्यास किया था। श्रीकृष्ण के नाम के साथ तो श्री की उपाधि का प्रयोग करते हैं परंतु अपने जीवन में श्रेष्ठता लाने पर हमें विचार करना चाहिए। श्रीकृष्ण को मनमोहन अर्थात् मन को मोह लेने वाला कहा गया है क्योंकि उनका किसी व्यक्ति, वस्तु, वैभव में मोह नहीं था बल्कि सभी के मन को वे आकर्षित करने में सक्षम थे। कृष्ण शब्द का अर्थ है-आकर्षित करने वाला, बुराइयों से छुड़ाने वाला अथवा आनंद स्वरूप।

### जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण का आह्वान

आज लोग अपने संस्कारों को नहीं बदलते और जीवन को पवित्र नहीं बनाते, केवल श्रीकृष्ण का आह्वान करते हैं, परन्तु सोचने की बात है कि क्या श्रीकृष्ण आज के इस दूषित वातावरण में जन्म ले सकते हैं? आज तो संसार में तमोगुण की प्रधानता है। ऐसे लोगों के बीच क्या श्रीकृष्ण पधार सकते हैं?

हम देखते हैं कि श्रीकृष्ण के मन्दिरों में हर प्रकार से स्वच्छता बरती जाती है, शुद्ध भोजन का भोग लगाया जाता है और लोग अशुद्ध संकल्पों एवं व्यवहारों से तथा विकारों से भी बचकर रहते हैं। फिर मन्दिर में धूप-दीप जलाकर वातावरण को सुगन्धित तथा प्रकाश से आलोकित किया जाता है। अत: श्रीकृष्ण का आह्वान करने के लिए पहले तो आहार-व्यवहार-विचार के शुद्धिकरण की आवश्यकता है।

आज तो भारत में श्रीकृष्ण के पधारने के लिए तो कोई जगह ही खाली नहीं है, कोई सिंहासन ही नहीं है। सभी के हृदय रूपी सिंहासन पर किसी न किसी विकार का अधिकार जमा हुआ है, तब एक नगर के दो राजा कैसे हो सकते हैं? इसलिए भले ही श्रीकृष्ण का आप लाख बार आह्वान कर लीजिए परन्तु जब तक हर नर-नारी का मन मन्दिर नहीं बना है, जब तक यहाँ दिव्य गुणों की अगरबत्ती से वातावरण सुगन्धित नहीं हुआ है, जब तक उनका मन ज्ञान द्वारा आलोकित नहीं हुआ है तब तक श्रीकृष्ण, जो कि देवताओं में भी श्रेष्ठ और शिरोमणि हैं, यहाँ नहीं आ सकते!

आज लोग जन्माष्टमी का उत्सव मनाते हैं तो बिजली के सैंकड़ों बल्ब जलाकर खूब उजाला करने का यत्न करते हैं। परन्तु आज आत्मा रूपी बल्ब तो फ्यूज हो चुका है। आज बाहर तो रोशनी की जाती है परन्तु स्वयं आत्मा रूपी चिराग के तले अन्धेरा है और उस अन्धेरे में विकार रूपी चोर छिपे बैठे हैं। अत: आज आवश्यकता है इस ओर ध्यान देने की कि श्रीकृष्ण ने गीता-ज्ञान तथा राजयोग के अभ्यास द्वारा ही वह श्रेष्ठ पद प्राप्त किया था। परन्तु आज लोग श्रीकृष्ण का गायन-पूजन तो करते हैं और उनकी महिमा तथा महानता का बखान करते हैं परन्तु जिस



सर्वोत्तम पुरुषार्थ द्वारा उन्होंने वह महानता प्राप्त की थी और पदमो-तुल्य जीवन बनाया था, उस पुरुषार्थ पर अथवा ज्ञान-योग रूपी साधन पर वे ध्यान नहीं देते। वे यह नहीं सोचते कि श्रीकृष्ण हमारे मान्य पूर्वज थे। अतएव हमारा कर्त्तव्य है कि हम उनके उच्च जीवन से प्रेरणा लेकर अपना जीवन भी वैसा उच्च बनाने का यथार्थ पुरुषार्थ करें।

## कर्मयोगी श्रीकृष्ण

अत: प्रश्न उठता है कि श्रीकृष्ण ने कौन-सा यज्ञ, कौन-सा दान-पुण्य अथवा कौन-सा युद्ध किया था? जिसके फलस्वरूप उनको ऐसा सर्वोत्तम, दो-ताजधारी पूज्य देव पद प्राप्त हुआ कि जिसका आज तक गायन-वन्दन है? परमपिता परमात्मा शिव ने अब इसके विषय में समझाया है कि श्रीकृष्ण ने प्रजापिता ब्रह्मा के रूप में ईश्वरीय ज्ञान धारण करके, 'ज्ञान यज्ञ' रचा था। उन्होंने अपना तन, मन और धन सम्पूर्ण रीति से उस यज्ञार्थ 'ईश्वरार्पण' कर दिया था। उन्होंने अपना जीवन मनुष्य मात्र को ज्ञान-दान देने में लगा दिया था और जन-मन को परमपिता परमात्मा से योग-युक्त करने तथा उन्हें सदाचारी बनाने में व्यतीत किया था। उन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह तथा अहंकार, जिन्हों का उस समय समस्त भू-मण्डल पर अखण्ड राज्य था, को ज्ञान-तलवार तथा योग के कवच के प्रयोग से जीता था।

श्रीकृष्ण जयंती और गीता की सार्थकता इसी बात में है कि आज की परिस्थिति में प्रत्येक मनुष्य अर्जुन बनें, श्रीकृष्ण की विशेषताओं को आत्मसात करें तथा गीता का अध्ययन और विवेचन कर उससे जीवन में उतारने का प्रयास करें। ये विचार करने की बात है कि, कोई भी मनुष्य किसी का शत्रु नहीं होता है। इसका स्पष्ट उल्लेख भागवद्गीता में मिलता है जिसमें श्रीकृष्ण ने कहा है कि हे अर्जुन! मनुष्य के अन्दर व्याप्त काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार ही मनुष्य के शत्रु है। जब हम इन पर विजय प्राप्त करेंगे तभी हम सुख-शान्ति से रह सकेंगे तथा एक सुखमय साम्राज्य की स्थापना कर सकेंगे। आप जरा इस पर विचार करें कि जब मनुष्य 'काम' के वशीभूत होता है तब अत्याचार और व्यभिचार करता है। 'क्रोध' में आता है तब हिंसा और 'लोभ' के कारण लूटपाट तथा हत्या करता है। 'मोह' के कारण जंजाल में जकड़ना तथा 'अहंकार' के कारण अपनी अच्छाइयों को त्याग देता है। जब हम इन विकारों से मुक्त हो जायेंगे तब मन के अन्दर जो अच्छाइयों और बुराइयों का महाभारत चल रहा है उससे मुक्ति मिलेगी। ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए हमें बाहरी हथियारों का नहीं बल्कि आत्मिक और ईश्वरीय हथियारों के उपयोग से सबसे पहले अपने अन्दर छिपे उन

महाशत्रुओं को नष्ट करना होगा जिनके प्रभाव से हम गलत काम करते हैं।

## मन के विकारों को करें दूर

श्रीकृष्ण का आध्यात्मिक संदेश था कि, मनुष्य का जीवन एक खेल की तरह है। इसमें कोई विशेष युद्ध करने के लिए किसी योजना की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि जो दिखता है उसके साथ तो युद्ध आसानी से किया जा सकता है परन्तु जो अदृश्य है उसके साथ युद्ध करने के लिए हमें अपने अंदर की यात्रा करके, यथास्थिति को समझते हुए उसे समाप्त करना होगा। दैनिक दिनचर्या में रहते हुए अपने अन्दर छिपे उन तमाम अदृश्य शत्रुओं का एक-एक कर नाश करना होगा जिनकी वजह से आज संसार श्मशान में तब्दील हो रहा है। जैसे; श्रीकृष्ण ने आसुरी साम्राज्य को समाप्त करने के लिए बाल-लीलाओं का उपयोग किया था। गोपी-गोपिकाओं के साथ खेल-खेल में ही उन्होंने अकासुर, बकासुर, कालिया नाग तथा पूतना आदि का वध कर दिया था। वास्तव में, ये नाम विकारों के अलग-अलग रूपों का ही वर्णन करते हैं। दिव्य गुणों के आधार पर, देवता अथवा पांडव कहलाए जाते हैं इसलिए श्रीकृष्ण ने सदा पांडवों का साथ दिया। कौरव और पांडव के नाम की भी आध्यात्मिक व्याख्या है। 'कौरव अर्थात् परमात्मा के विपरीत बुद्धि तथा पांडव अर्थात् परमात्मा में निष्ठा रखने वाले प्रतिबद्ध।' इसलिए हम इन विकारों पर विजय प्राप्त तभी कर पायेंगे जब परमात्मा के साथ प्रतिबद्ध होंगे।

आने वाली श्रीकृष्ण जयंती पर यही ईश्वरीय संदेश है कि श्रीकृष्ण के अन्दर जो मूल्य और विशेषतायें हैं उन्हें अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया जाये तथा गीता में वर्णित मनुष्य के अन्दर छिपे शत्रुओं का नाश करें, तभी छोटी-मोटी बातों के लिए हर घर में जो महाभारत चल रही है उसे समाप्त कर सकेंगे और तभी श्रीकृष्ण जयंती का पर्व सच्चे अर्थों में सार्थक हो सकेगा।

ऐसी मुबारक जन्माष्टमी के लिए हम आपको अग्रिम बधाइयाँ देते हैं। आज तक आप जिस प्रकार जन्माष्टमी मनाते आये हैं, वह कोई प्रैक्टिकल मनाना नहीं था। परन्तु अब जब भारतवासी सच्चे गीता-ज्ञान की बंसी सुनकर आनन्द रस में मस्त होंगे और राजयोग द्वारा योगीराज बनेंगे तब निश्चय ही निकट भविष्य में श्रीकृष्ण का पावन एवं दैवीय जन्म होगा। और वह होगी श्रीकृष्ण की वास्तविक और सजीव झांकी। और हमें उस 'सुन्दर' एवं मनमोहक झांकी को देखने के योग्य बनने के लिए अभी अपनी दृष्टि को दिव्य जन्म देना होगा, स्वयं को ज्ञान-योग के चन्दन से रंगना होगा। ■




हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त 2025 को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है और कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं।

हिंदू धर्म में जन्माष्टमी पर्व का विशेष महत्त्व है। जन्माष्टमी का त्यौहार भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग व्रत रखकर पूजा-पाठ करते हैं और कान्हा के जन्म का उत्सव मनाते हैं। इसी के साथ ही जन्माष्टमी पर मंदिर से लेकर घरों में लड्डू गोपाल की भव्य झाँकियां तैयार की जाती हैं।

## झांकी सजाने के नियम और लाभ

जन्माष्टमी को किसी त्योहार के रूप में नहीं बल्कि उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हमारे जीवन से नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। जन्माष्टमी पर झांकी सजाने का उद्देश्य केवल नियम मात्र नहीं होता, बल्कि इसके कई लाभ भी हैं।

- जन्माष्टमी पर मोर पंख से झांकी सजाने से कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। आप मोरपंख को कान्हा के मुकुट या झूले आदि पर सजा सकते हैं। मोर पंख कृष्ण की प्रिय वस्तुओं में एक है।
- भाग्योदय या भाग्य में वृद्धि के लिए जन्माष्टमी पर झांकी में गाय और बछड़े की मूर्ति या तस्वीरें भी रखें। साथ ही झांकी तैयार करने के लिए वैजयंती फूलों का भी प्रयोग करें। इन चीजों से कान्हा को अत्यधिक लगाव है।
- जन्माष्टमी पर झांकी तैयार करने में श्रीकृष्ण की प्रिय वस्तुओं का प्रयोग करना सबसे अच्छा होता है। इसलिए आप बांसुरी का प्रयोग जरूर करें। आप झूले या मूर्ति के पास बांसुरी जरूर रखें। इससे घर पर सुख-शांति बनी रहती है और सभी परेशानियों का नाश होता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- झांकी सजाने के लिए सजावटी सामग्रियों में टूटी-फूटी वस्तुओं का प्रयोग न करें।
- कांटेदार पौधे, फूल या पत्तों के स्थान पर वैयजंती के फूल, अशोक के पत्ते, आम के पल्लव, केले के खंभे आदि का प्रयोग करें।
- रबर प्लांट या श्वेतार्क जैसे पौधों जिनसे दूध निकलता हो, उनका प्रयोग झांकी सजाने के लिए न करें।
- घर के दक्षिण, पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम दिशा में झांकी सजाने से बचना चाहिए।
- कान्हा की झांकी सजाने के लिए ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा को सबसे अच्छा और शुभ माना जाता है।

■

IIHMR UNIVERSITY
JAIPUR

# Admission Open 2025

Healthcare has become one of the largest and fastest-growing sectors of the Indian economy in terms of both revenue and employment, creating immense potential for young individuals to explore new career paths.

Our programs are dynamically responding to the evolving global landscape. Students are equipped with the most sought-after critical skills for decision-making including leadership, management, data-science, and tech skills.

## Programmes Offered

### MBA/MPH Programs

(*Two-year full-time programs*)

For Admission Scan this QR Code
APPLY NOW

**Master of Public Health**
Specialization is available in
- Implementation Science

**MBA (Healthcare Analytics)**

**MBA (Development Management)**
Specializations are available in
- CSR & ESG Management
- Sustainable Business Management

### Executive Programs

*(Two-year executive programs for working professionals)*

**Master of Public Health *(Executive)***
**Master of Hospital Administration *(Executive)***
**MBA CSR & ESG Management *(Executive)***
**MBA Sustainable Business Management *(Executive)***
**MBA Pharmaceutical Management *(Executive)***

**#1**
Healthcare Management University in India by Education World 2025

**40+ Years**
Legacy in Health Management Research

**₹ 35.6 LPA**
Highest Package



To know more about admissions

+91-9145989952, +91-9358893199, +91-9358893198, +91-9358821088, +91-9001919777

admissions@iihmr.edu.in www.iihmr.edu.in 1, Prabhu Dayal Marg, Sanganer Airport, Jaipur-302029, Rajasthan, India

ATHENA BANQUET

# आपकी ख़ुशियों के खास मौके के लिए परफेक्ट जगह!

ANGEL RESORT
Managed by
Orange Hospitality



Collaboration · Birthday Party · Wedding · Engagement · Conference · Business Meetings










# ATHENA BANQUET

- 26 एकड़ में फैला यह लॉन अविस्मरणीय समारोहों के लिए एक अद्भुत स्थान प्रदान करता है, जो 2,000 मेहमानों तक की मेजबानी कर सकता है।
- शानदार सुविधाएँ: 63सुसज्जित कमरे, निजी डेक क्षेत्र और स्विमिंग पूल के साथ।
- आकर्षक बैंक्विट हॉल: कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त, 500 लोगों तक की बैठने की क्षमता।

athenabyangelresort
Athena banquet jaipur

Eden Garden, 20th Milestone, Rajawas, Highway, Jaipur, Rajasthan 302013

7340019741
9119155556



## समाज के भामाशाह

# दानवीर श्री ज्योति माहेश्वरी

★ शिक्षण संस्थाओं की स्थापना कर उतारा माटी का कर्ज

★ साहित्य से भी है गहरा नाता

★ लक्ष्मी-सरस्वती दोनों की रही कृपा

राजस्थान शूरवीरों की धरती तो है ही, साथ ही यह दानवीरों की धरती भी रही है। यहां भामाशाह जैसे दानवीर हुए हैं, जिन्होंने महाराणा प्रताप को अपनी सारी संपत्ति दान कर दी थी। उनके नाम से आज सरकार शिक्षा के क्षेत्र के दानवीरों को सम्मानित करती है। राजस्थान के शेखावाटी की एक परंपरा और है। इस क्षेत्र के अनेक लोग कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, बैंगलुरु, आसाम आदि में रहकर धन कमा रहे हैं। इनमें से अनेक तो विश्व स्तर के उद्योगपति हैं। इनमें से कुछ की विशेषता तो यह है कि वे कहीं भी रहें, अपनी जन्मभूमि को कभी नहीं भूलते। वे वहाँ सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक कार्यों में धन लगाते रहते हैं।

शेखावाटी क्षेत्र के श्री ज्योति माहेश्वरी ऐसे ही एक उद्योगपति हैं। झुंझुनूं जिले के बगड़ में जन्मे ज्योति माहेश्वरी बचपन में ही मुंबई चले गए थे। उनकी शिक्षा-दीक्षा मुंबई-पुणे में हुई। वहीं से उन्होंने व्हाइटनिंग एजेंट यानी टिनोपाल का व्यवसाय शुरू किया और इस क्षेत्र में एशिया में प्रमुख स्थान बनाया। वर्षों मुंबई में रहने के बाद भी बगड़ उनके दिल में बसा था। अपनी जन्मभूमि का कर्ज उतारने के लिए उन्होंने तीन शिक्षण संस्थान शुरू किए। ये तीनों संस्थान रोजगारपरक शिक्षा से जुड़े हुए हैं। इससे सैंकड़ों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। इन संस्थाओं को वह बहुत ही कम लाभ पर चला रहे हैं।

### निर्बल वर्ग को मुख्य धारा में लाना

ज्योति माहेश्वरी का कहना है कि धन कमाना बड़ी बात नहीं है। उसका सदुपयोग करना बड़ी बात है। वे सिद्धांतों के पक्के हैं। उन्होंने शून्य से प्रारंभ कर अपने व्यवसाय को शिखर पर पहुंचाया। वंचित व निर्बल वर्ग के कल्याण के लिए वे सदा चिंतित रहते हैं। उनका प्रयास उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का रहता है। उन्होंने बगड़ में इसलिए ऐसे शिक्षण संस्थान खोले, जहां से प्रशिक्षण लेकर कोई भी आसानी से रोजगार पा सके।

### समाज व अन्य क्षेत्रों के लिए खुलकर दान

अपनी जन्मस्थली बगड़ के विकास में तो उन्होंने कोई कमी नहीं रखी। शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ उन्होंने लोगों के हित के कार्यों में भी खूब आर्थिक सहयोग किया। पेयजल, स्वच्छता व अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने में वे कभी पीछे नहीं रहे। अनेक निर्धन व असहाय बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी वह उठाते हैं। अनेक स्कूलों का जीर्णोद्धार भी वे करवा चुके हैं। गौशालाओं, अस्पतालों की सहायता व उन्हें अनुदान देने में भी वे आगे रहते हैं। वे दर्जनों संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। व्यक्तिगत रूप से भी और ज्योति फाउंडेशन के माध्यम से भी। जयपुर के इस्कॉन की परिचालन समिति के वे चेयरमैन हैं। इस्कॉन द्वारा रैवासा धाम (सीकर) में निर्माणाधीन जगन्नाथ वैदिक ग्राम से भी वे जुड़े हुए हैं। वन बंधु परिषद्, जयपुर के भी आप 7 वर्षों तक अध्यक्ष रह चुके हैं। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के भी आप संरक्षक हैं।

उनके जनहित के कार्यों को देखते हुए उनकी पहचान एक भामाशाह के रूप में बन चुकी है। उनके द्वार से कोई भी जरूरतमंद निराश नहीं जाता।

### कविता, लेखन में रुचि

एक बेहद व्यस्त उद्योगपति यदि लेखन के लिए समय निकाल ले, तो इससे बड़ी बात कोई और नहीं हो सकती। पर ज्योति माहेश्वरी बाकी लोगों से हटकर हैं। उन्होंने अपने व्यवसाय के साथ-साथ अपनी इन रुचियों के लिए समय निकाला। उन्होंने लेखन को हल्के में नहीं लिया, यानी सिर्फ रस्म अदायगी नहीं की। सत्तर के दशक में उनकी कविताएं धूम मचा रही थीं। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में तो वह प्रकाशित हो ही रही थीं। साथ ही कवि सम्मेलनों की भी शोभा बढ़ा रही थीं।

प्रख्यात व्यंग्यकार शरद जोशी से उनके काफी प्रगाढ़ संबंध थे। अक्सर दोनों में साहित्यिक चर्चा होती रहती थी। माहेश्वरी जी को शरद जोशी जी से काफी प्रेरणा मिलती थी। ज्योति माहेश्वरी बताते हैं कि कविताओं की लोकप्रियता के बाद उन्होंने व्यंग्य लेख लिखना शुरू कर दिया। ये भी विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपे। वह बताते हैं कि उन दिनों वह डायरी भी लिखते थे। डायरी के संस्मरण 'पड़ाव- दर-पड़ाव' पुस्तक के रूप में सामने आए। इसके प्रकाशन में प्रख्यात पत्रकार नवभारत टाइम्स, मुंबई के संपादक श्री विश्वनाथ सचदेवा ने काफी सहयोग किया। व्यंग्य लेख- 'जोग लिखी' पुस्तक के रूप में सामने आए। माहेश्वरी का कहना है कि इन पुस्तकों के प्रकाशन को वह एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानते हैं। पुस्तक को जिन्होंने भी पढ़ा, प्रशंसा की।

वह बताते हैं कि रंगमंच से भी उन्हें काफी लगाव रहा है। उन्हें नाटक देखने का शौक भी था। व्यवसाय के साथ-साथ लेखन जैसे शौक के बीच वह संतुलन कैसे रखते थे, इस पर उनका कहना है कि जीवन में हर क्षेत्र में संतुलन बनाना पड़ता है। वह समय का बहुत आदर करते हैं। व्यवसाय के समय से ही वह कुछ समय निकालकर वह व्यवसाय और अपने इन शौकों के बीच संतुलन बनाते रहे हैं। उनका कहना है कि किसी व्यस्त व्यक्ति को इस तरह के शौक हैं, तो उसे इसी तरह समय निकालकर अपने शौक पूरे करने चाहिए। शौकों और रुचियों को दबाने से जीवन में तनाव और नीरसता आती है। जीवन को खुशहाल बनाना है, तो शौक पूरे करने में पीछे नहीं रहना चाहिए।

## तकनीकी, फार्मेसी व ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स का सफल संचालन

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में बगड़ झुंझुनूं जिले का ऐतिहासिक शहर है। कहने को तो यह छोटा शहर है, लेकिन इस छोटे शहर से कई ऐसी शख्सियतें निकली हैं, जिन्होंने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। वीआईपी सूटकेस के संस्थापक- मालिक पीरामल बगड़ के ही हैं। और भी अनेक औद्योगिक घराने बगड़ से निकले हैं। इसी श्रृंखला में ज्योति माहेश्वरी ने यहां शिक्षण संस्थाएं खोलकर विकास को गति दी। ज्योति माहेश्वरी का परिवार बगड़ के प्रतिष्ठित परिवारों में है।

हालांकि ज्योति माहेश्वरी के जन्म के दो माह बाद ही उनके माता-पिता बगड़ से मुंबई चले गए थे। इस तरह ज्योति जी का लालन-पालन, शिक्षा-दीक्षा मुंबई में हुई। यहीं उन्होंने अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त की। सन् 2003 में उन्होंने व्यवसाय से संन्यास ले लिया। वे परिवार सहित जयपुर आ गए और अपनी जन्म स्थली बगड़ में विभिन्न संस्थान खोलने शुरू कर दिए।

ज्योति माहेश्वरी ने व्यवसाय से सेवानिवृत्ति से पहले से ही सोच लिया था कि वह बगड़ के विकास में पीछे नहीं रहेंगे। ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन के जरिए उन्होंने 2004 में एक तकनीकी संस्थान शिवओंकार माहेश्वरी टेक्निकल इंस्टीट्यूट प्राइवेट आईटीआई की शुरुआत की। इस संस्थान में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) के निर्धारित पाठ्यक्रमों के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाता है। यह संस्थान दस एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है।

इसकी सफलता के बाद ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन ने 2007 में कृष्णा देवी माहेश्वरी फार्मेसी कॉलेज की शुरुआत की। ज्योति माहेश्वरी का कहना है कि उन्होंने युवाओं में बेरोजगारी की समस्या को खत्म करने के उद्देश्य से इन तकनीकी संस्थानों की शुरुआत की थी, क्योंकि इन संस्थानों से प्रशिक्षण के बाद युवाओं को कहीं न कहीं रोजगार अवश्य मिल जाता है। फार्मेसी में भी रोजगार की काफी संभावनाएं हैं।

इसके बाद फाउंडेशन ने 2014 में बगड़ इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स की शुरुआत की। इसमें आईटीआई के इंस्ट्रक्टर्स को ट्रेनिंग दी जाती है। यह राजस्थान का प्रथम ऐसा संस्थान है, जहां इंस्ट्रक्टर्स को ट्रेनिंग दी जाती है। इन तीनों संस्थानों का संचालन तो ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन करता ही है, साथ ही स्कूल, गौशालाओं, धर्म स्थलों को भी अनुदान दिया जाता है।

आजकल ज्योति माहेश्वरी जी विश्व हिंदू परिषद से जुड़े हुए हैं और सिर्फ हिंदुत्व के लिए ही कार्यरत हैं।

**- चंद्रमोहन शारदा**



# आरोग्यम्

## A NATUROPATHY CENTER

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से



### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, ऑव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।







### उपचार सुविधाएँ

- गर्म ठण्डा सेंक
- मिट्टी पट्टी
- सर्वांग मिट्टी लेप
- कटि स्नान
- रीढ़ स्नान
- गर्मपाद स्नान
- भाप स्नान
- आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश
- एक्यूप्रेशर
- आहार चिकित्सा
- शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति
- फिजियोथैरेपी
- वैक्स बाथ
- चुम्बक चिकित्सा
- चादर लपेट

### उपचार दरें

| | |
|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 |
| वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [ साप्ताहिक-6 दिन ] | ₹ 500 |

सम्पर्क करें : डॉ. शेखर शर्मा (कन्सलटेन्ट)
योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

समय : प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)

# "उत्सव" ब्लॉक ए तृतीय तल का लोकार्पण सम्पन्न

**अत्याधुनिक सुविधायुक्त तृतीय तल समाज बन्धुओं को मात्र रुपये 18,000/- प्रतिदिन पर उपलब्ध**



श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन 'उत्सव' उत्सव भवन लगभग 17 वर्षों से समाज बन्धुओं के वैवाहिक, धार्मिक व अन्य मांगलिक कार्यक्रमों सर्वाधिक लोकप्रिय व महत्त्वपूर्ण उपलब्धि रहा है। समाज बन्धु 'उत्सव' की उपलब्धता के अनुसार मुहूर्त निकलवाने को प्राथमिकता देते हैं। सामाजिक आयोजनों के अतिरिक्त अन्य राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर के आयोजनों में भी 'उत्सव' सभी की पहली पंसद है। इन्हीं कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले सम्मानीय समाज बन्धुओं से विगत काफी समय से कमरों की कमी के बारे में समय-समय पर सुझाव मिल रहे थे। इन सुझावों के मध्यनजर चैयरमैन श्री विनोद जी तोतला के मार्गदर्शन में टीम उत्सव ने ब्लॉक ए की छत पर एक तल का नवनिर्माण करने का निश्चय किया एवं भवन की बुकिंग के दौरान ही आरक्षणकर्त्ताओं के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न किये हुये निर्माण कार्य पूर्ण करवाया गया है। सचिव श्री सुरेश कालानी ने बताया कि तृतीय तल के सम्पूर्ण निर्माण कार्य के दौरान एक दिन की भी बुकिंग का नुकसान भवन को नहीं होने दिया गया है। जिसका लोकार्पण कार्यक्रम दिनांक 19.05.2025 को लोकार्पणकर्त्ता श्री एम. डी. बांगड़ जी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

प्रात:काल 9 बजे से तृतीय तल पर पूजन एवं हवन आदि करवाया गया। तत्पश्चात् सायंकाल शिलापट्ट का अनावरण किया गया। इसके पश्चात् भगवान महेश के पूजन के साथ लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। लोकार्पणकर्त्ताओं भामाशाह श्री एम.डी. बांगड़ एवं उनके परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पधारे समाज बन्धुओं को इस नवनिर्मित तल की सुविधाओं की जानकारी दी गई: इस तल पर कुल 22 अत्याधुनिक सुविधायुक्त कमरों का निर्माण किया गया है, इनमें 1 सुईट रूम, 4 सेमी सुईट रूम एवं शेष 17 डीलक्स श्रेणी के कमरे हैं। कमरों के साथ सुसज्जित लॉबी, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम एवं लॉन्ड्री रूम जैसी सुविधाएं भी उपयोगकर्त्ताओं के लिये उपलब्ध रहेंगी।





निर्माण कार्य समाज बन्धुओं के लिये अधिक से अधिक उपयोगी बनाने के लक्ष्य के साथ किया गया है, स्टोर रूम, पूजा रूम सभी कमरों की अलमारी मे डिजिटल लॉकर, जैसी सुविधाएं इसका उदाहरण है। निमार्ण कार्य पूर्णत: ब्रांडेड उपकरण एवं फिटिंग्स द्वारा किया गया है सभी सुख सुविधाओं से युक्त तृतीय तल 1 जून 2025 से समाज बन्धुओं को मात्र रुपये 18,000/- जीएसटी प्रतिदिन किराया राशि पर उपयोग हेतु उपलब्ध करा दिया गया है। ब्लॉक ए की दोनों पुरानी पैसेंजर लिफ्ट हटवाकर 2 नई लिफ्ट तृतीय तल तक ले जाते हुये स्थापित करवाई गई हैं। नवनिर्माण के साथ इलैक्ट्रिक लोड भी बढ़वाया गया है एवं अधिक क्षमता का नया ट्रांसफार्मर भी स्थापित करवाया गया है।

सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये श्री सुरेश कालानी ने आगामी नवनिर्माण एवं नवीनीकरण कार्यों की रूपरेखा भी समाज बन्धुओं के समक्ष प्रस्तुत की। उनके अनुसार भवन के 18 वर्ष पुराने प्रथम व द्वितीय तल के कमरों का भी नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। साथ ही भवन के पास ही वर्तमान में निर्माणाधीन खण्डेलवाल समाज के भवन शुरू होने पर 'उत्सव' भवन के उपयोगकर्त्ताओं को पार्किंग मे असुविधा आ सकती है, जिसके निवारण के लिये लॉन के नीचे बहुस्तरीय पार्किंग विकसित की जानी चाहिये। श्री सुरेश कालानी ने यह भी कहा कि भवन के मुख्य हॉल के साथ-साथ भवन के लॉन एवं फूडकोर्ट में भी स्थाई इंटीरियर कार्य की आवश्यकता है जिससे समाज बन्धुओं को टेंट इवेन्ट सम्बन्धी खर्चों में बचत हो।

कार्यक्रम में पधारे समाज बन्धुओं को तृतीय तल का अवलोकन करवाया गया एवं सभी ने इस नवनिर्मित तल की प्रशंसा की। सचिव श्री सुरेश कालानी ने बताया कि निर्माण कार्य में चेयरमैन श्री विनोद जी तोतला, निवर्तमान चेयरमैन श्री मनोहर लाल सारड़ा एवं भवन समिति संयोजक श्री श्रीगोपाल भूतड़ा का विशेष योगदान रहा है।

■

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# "उत्सव"

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

### पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com



| यूनिट | विवरण | किराया राशि |
|---|---|---|
| | **ब्लॉक ए** | |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित | 27000/- |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित | 72000/- |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 36000/- |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 36000/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे) | 800/- प्रति रूम |
| | प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) | 2500/- प्रति रूम |
| V | 1 सुईट, 4 सेमी सुइट रूम सहित अत्याधुनिक 22 कमरे, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम, लॉबी सहित | 36000/- |
| | **ब्लॉक बी** | |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर | 27000/- |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) | 800/- प्रति रूम |
| VII | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित | 23000/- |

विशेष : ★ भवन के सभी कमरों में कुल 230 बैड स्थापित है एवं 85 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।
★ सभी यूनिट्स का किराया रुपये 257000/- प्रतिदिन है। 18% अतिरिक्त देय है।

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 2 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

**चैक इन टाइम – 12:00 PM**
**चैक आउट टाइम – 09:00 AM**



## श्री माहेश्वरी समाज जयपुर का त्रैवार्षिक इलेक्शन

श्री माहेश्वरी समाज जयपुर का त्रैवार्षिक इलेक्शन।
श्री माहेश्वरी समाज कार्यकारिणी, नवयुवक
मण्डल व महिला परिषद का एक साथ चयन।
लोकतांत्रिक पद्धति से चुने पदाधिकारीगण
द्वारा होता सामाजिक संस्थाओं का संचालन।।
किया जाता है विधान के नियमों का अनुपालन।
निराला है जयपुर माहेश्वरी समाज का संगठन।।

सत्ता प्राप्ति के लिए इधर से उधर होते नेतागण।
जोड़ तोड़ के साथ करेंगे नेता आपस में गठबंधन।।
येन केन प्रकारेण पद मिले, इसका होगा प्रबंधन।
चयनित प्रत्याशियों का होगा भव्य माल्यार्पण।।
ग्रुपों में आरोप प्रत्यारोप लगाएंगे स्नेही स्वजन।
आपस में मतभेद होगा, दूसरों पर दोषारोपण।।

नियमित त्रैवार्षिक होता प्रबंधन का हस्तांतरण।
कार्यकर्ता एकत्र हो करते प्रत्याशियों का चयन।।
करेंगे बहुत प्रचार प्रसार, देंगे आकर्षक विज्ञापन।
अंत तक असमंजस में रहता मतदाता का मन।।
7 से 12 जुलाई 2025–प्रत्याशियों ने किया नामांकन।
27 जुलाई 2025 को मतदाता करेंगे मतदान।।

जय महेश जय रघुकुल तिलक जय श्री रघुनंदन।
प्रार्थना है प्रभु निष्पक्ष शांतिपूर्ण चुनाव हों सम्पन्न।।
अगले दिन मतगणना व चुनाव परिणाम प्रकाशन।
विजयी को हृदय से स्वीकारेंगे सभी समाजजन।।
पराजितों का भी विजेताओं से होगा गले मिलन।
विजयी नेताओं का होगा स्वागत व अभिनन्दन।।

ऐसा अनोखा होता हमारे समाज का इलेक्शन।
श्री माहेश्वरी समाज कार्यकारिणी, नवयुवक
मण्डल व महिला परिषद का एक साथ चयन।।
सदस्यों का होगा विधान अनुसार शपथग्रहण।
श्री माहेश्वरी समाज जयपुर का त्रैवार्षिक इलेक्शन।।

– घनश्याम भण्डारी

## मासज का चुनाव

महिला पुरुष युवा सब बनते हैं सहभागी

हर तीन साल में आता है इक बार..
शहर देश विदेश तक रहता है इंतजार।

सब प्रत्याशी करते भरपूर जोर आजमाइश
मतदाताओं को करते हैं पक्ष में समझाई।

होता है सबका चुनाव प्रचार धुंआधार..
मतदाता सुनते हैं समाज विकास के विचार।

फिर चुनते हैं प्रत्याशी को करके मतदान..
मतदान पश्चात आता है चुनाव परिणाम।

चयनित प्रत्याशी रक्खे मत का सम्मान॥

ना करे कभी जीत का अभिमान
हर सभा में जाकर करें विधान का पालन।

मतदान का हो हर वक्त सम्मान..
विधान शपथ का रखें हर पल ध्यान।

पक्ष–विपक्ष को साथ लेकर चलें..
आमजन का समान कल्याण करें।

यूँ तो वैचारिक गुटों में लड़ते चुनाव..
चुनाव पश्चात् नहीं रहते मन मुटाव॥

तब ही बनेगा हमारा समाज महान॥

– कुमार जयन्त बाहेती




भारतवर्ष की प्रतिष्ठित वैश्य "माहेश्वरी" जाति की उत्पत्ति एवं पूर्वजों के जीवन चरित्र की सुन्दर कथा पर एक फिल्म **"माहेश्वरी वंशोदय"** बनाया जाना प्रस्तावित है।

जिसे देशभर के माहेश्वरी समाज में प्रदर्शित करके नई पीढ़ी को माहेश्वरी होने के गौरवमयी इतिहास से अवगत कराया जाएगा।

अभिनय एवं कला के क्षेत्र में माहेश्वरी समाज का नाम गौरवान्वित करने वाले कलाकार, इच्छुक माहेश्वरी बन्धु एवं युवक-युवतियाँ जिन्हें अभिनय में रुचि हो, सम्पर्क करें।

**चन्द्रमोहन शारदा**
वरिष्ठ पत्रकार एवं कलाप्रेमी
सम्पर्क सूत्र : 98291 17051

92 वर्ष पूर्व (संवत् 1990) श्री बालकृष्ण लाहोटी, हैदराबाद द्वारा लिखित "माहेश्वरी वंशोदय" नाटक की दुर्लभ एकमात्र मूल प्रति जिसे बहुत आग्रह के बाद "माहेश्वरी" पत्रिका, नागपुर के सम्पादक श्री राकेश जी भैया ने जर्जर स्थिति में होने के बावजूद अपने निजी कलेक्शन से उपलब्ध कराई है। हम आभार प्रकट करते हैं। इस नाटक की स्क्रीप्ट के अनुसार फिल्मांकन किया जाएगा।

## श्री किशन राठी के कविता संग्रह 'अनकहे एहसास' का विमोचन



श्री रामदास राठी मेमोरियल ट्रस्ट, जयपुर के फाउंडर अध्यक्ष एवं ट्रस्टी और राठी परिवार के स्तंभ श्री किशन राठी के द्वारा रचित 'अनकहे एहसास' पुस्तक का विमोचन रविवार, 13 जुलाई, 2025 को बियानी गर्ल्स कॉलेज, विद्याधर नगर में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में सिविल लाइन्स विधायक श्री गोपाल शर्मा ने किया।

## चुनाव आचार संहिता

1. मतगणना केन्द्र/परिसर में मोबाइल फोन व वायरलेस इत्यादि उपकरणों का प्रवेश वर्जित होगा। यदि किसी भी सदस्य को इन उपकरणों का प्रयोग करते हुये पाया गया तो इस प्रकार के उपकरण जब्त किये जा सकते हैं। मतदान दिवस पर भी मतदान केन्द्र/परिसर में इन उपकरणों का उपयोग करना वर्जित है।
2. चौकड़ीनुसार सदस्यों की सूची समाज कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. मतपत्र पर केवल निर्धारित की गई सील ही लगावें अन्य चिन्ह अवैध समझे जावेंगे।
4. मतदान/मतगणना दिवस पर की गई व्यवस्था में यदि आपको कोई सुझाव/शिकायत हो तो केवल चुनाव नियंत्रण कक्ष में सम्बन्धित अधिकारी एवं चुनाव सलाहकार समिति को अवगत करवा देवें। केन्द्र पर किसी प्रकार का विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. यदि समाज का कोई असहाय मतदाता जो स्वयं मतदान करने में असमर्थ हो तो, मुख्य चुनाव अधिकारी/जोन चुनाव अधिकारी मतदान हेतु सहायक लाने की अनुमति प्राप्त करें। सहायक उसके स्वयं के परिवार का समाज वोटर सदस्य होना चाहिए।
6. जो भी व्यक्ति अन्य मतदाता के नाम पर मतदान करने के लिये आता है और उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा इसे गलत प्रमाणित कर दिया जाता है तो उस व्यक्ति से वस्तुस्थिति को लिखित में लेकर आत्मावलोकन, परिशोधन गृह में सायंकाल 5.30 बजे तक रखा जायेगा अथवा नियमानुसार पुलिस कार्यवाही की जावेगी।
7. मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन किया जाता है तो, उसकी सूचना समाज सूचना पट्ट पर लगाई जायेगी।
8. मतपत्र में चौकड़ीनुसार प्रत्याशियों के नामों की सूची उनके नाम के आधार पर ही बनाई जायेगी। मतदाता सूची में यदि नाम के आगे जैसे डॉ. सीए, एडवोकेट इत्यादि लगा हुआ हो, तो भी मतपत्र में नाम, प्रत्याशियों के मुख्य नाम की अंग्रेजी वर्णानुसार (Alphabetical) ही लिखा जायेगा।
9. यदि किसी मतदाता का उनके मतदान से पूर्व किसी अन्य के द्वारा मतदान हो जाता है तो उन्हें मतदान करने दिया जायेगा लेकिन उनके मतपत्र को एक लिफाफे में सील करके रख लिया जायेगा। यह लिफाफे उसी स्थिति में खुलेंगे जब इनको खोलने से परिणाम पर कोई प्रभाव पड़ रहा हो।
10. जिन मतदाताओं की आयु 80 वर्ष या उससे अधिक है उनको इस चुनाव में घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है जिसके लिये उनको पत्र एवं सहमति पत्र भेजे जा रहे हैं। मतदाता की सहमति प्राप्त होने पर उनके लिए दिनांक 25 जुलाई, 2025 शुक्रवार को उनके घर से ही मतदान करवाया जायेगा। एक बार सहमति पत्र प्राप्त होने के पश्चात ऐसे मतदाता दिनांक 27 जुलााई, 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सकेंगे।

## मतदान हेतु दिशा-निर्देश

1. मतदान केन्द्र पर प्रत्याशी/मतदाता द्वारा भ्रातृत्व एवं सौहार्द्रता का आचरण ही अपेक्षित है।
2. चुनाव प्रचार एवं प्रसार समाज की गरिमा के अनुकूल एवं नियमानुसार ही होना चाहिए।
3. दैनिक/पाक्षिक/मासिक व साप्ताहिक अखबार/ अखिल भारतीय, क्षेत्रीय पत्रिकाओं में लेख, प्रायोजित पत्र-पत्रिकाओं, टी.वी. रेडियो में विज्ञापन वगैरह नहीं दे सकेंगे।
4. चुनावी सभाओं में किसी भी प्रकार का भोज नहीं होगा। केवल चाय, कॉफी, शीतल पेय, बिस्किट ही रख सकेंगे।
5. मुख्य चुनाव कार्यालयों में 200 एवं जोन कार्यालयों में 50 से अधिक बन्धुओं के भोज की व्यवस्था वर्जित होगी।
6. मतदान केन्द्र परिसर के अंदर किसी प्रकार की चुनाव सामग्री का वितरण नहीं किया जा सकेगा।
7. मतदाता बेज, टी-शर्ट, दुपट्टा, कैप, जैकट एवं ड्रेस कोड इत्यादि का उपयोग नहीं कर सकेंगे।
8. मतदाता चुनावी प्रचार में समाज के विधानानुसार निर्धारित क्षेत्र (समस्त जोन) में एवं सभी प्रकार के वाहनों पर Pamphlet, Poster, Sticker, Banner & Hording नहीं लगा सकेंगे।
9. मतदाता एवं उम्मीदवार द्वारा मतदान केन्द्र के बाहर चुनाव सामग्री, बैनर एवं होर्डिंग नहीं लगाए जा सकेंगे।
10. श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का कोई भी सदस्य मुख्य चुनाव अधिकारी, चुनाव सलाहकार समिति, पर्यवेक्षक, पोलिंग टीम एवं किसी भी उम्मीदवार के खिलाफ किसी प्रकार की असंसदीय (अशोभनीय) भाषा का प्रयोग नहीं करेगा।
11. कोई भी उम्मीदवार कोई ऐसी घोषणा नहीं कर सकेगा जिससे सरकारी (राज्य सरकार, केन्द्र सरकार व अन्य) नियम अधिनियम का समाज पर, समाज की शिक्षण संस्थाओं पर व समाज की अन्य संस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो।
12. कोई भी उम्मीदवार भ्रामक प्रचार सोशल मिडिया/पत्र द्वारा नहीं कर सकेंगे। ऐसा करने पर मुख्य चुनाव अधिकारी चुनाव सलाहकार समिति से विचार-विमर्ष कर उचित निर्णय लेते हुए कार्यवाही कर सकेंगे।
13. मतदान एवं मतगणना दिवस के दिन उम्मीदवार द्वारा अपने प्रतिनिधि हेतु मतदान एवं मतगणना स्थल पर नाश्ता/चाय/लंच इत्यादि व्यवस्था के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा निर्धारित राशि चुनाव से 4 (चार) दिन पूर्व संबंधित व्यक्ति को जमा करवानी होगी।
14. उम्मीदवार स्वयं का/प्रतिनिधि का फोटो चुनाव की तिथि से 7 (सात) दिवस पूर्व मतदान एवं मतगणना दिवस हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
15. उपरोक्त बिन्दुओं की अवहेलना करने पर मुख्य चुनाव अधिकारी चुनाव सलाहकार समिति से विचार-विमर्श कर उचित निर्णय लेते हुए कार्यवाही कर सकेंगे।

# श्री माहेश्वरी समाज,
## महिला परिषद् एवं नवयुवक मण्डल
## त्रै-वार्षिक चुनाव (2025-28)

### चुनाव संचालन सलाहकार समिति का गठन

**संयोजक**

**श्री मनोहर लाल जी सारड़ा**- 9829053075

**सदस्यगण**

| | | |
|---|---|---|
| **श्री अनिल राठी** | **श्री मालचन्द बाहेती** | **श्री सुभाष परवाल** |
| 9351317200 | 9829461340 | 9829059092 |
| **श्री सुभाष धूत** | **श्रीमती अनुराधा कचौलिया** | **श्रीमती संगीता लढ्ढा** |
| 9214321378 | 9468964246 | 9314626442 |

### मतदान केन्द्र

श्री माहेश्वरी समाज, श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर के त्रैवार्षिक चुनाव (सत्र 2025-28) रविवार 27 जुलाई, 2025 को प्रातः 8.00 बजे से सायंकाल 5.00 बजे तक जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होंगे। जोनानुसार मतदान स्थल निम्नानुसार है-

**जोन-1**

**माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (इन्टरनेशनल), एम.पी.एस. इन्टरनेशनल,**
भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर

**जोन-2**

**माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल,** सेक्टर-1, विद्याधर नगर, जयपुर

**जोन-3**

**महर्षि अरविंद इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट,**
अम्बाबाडी, विद्याधर नगर, जयपुर

**जोन-4**

**खंडेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,**
वैशाली नगर, जयपुर

**जोन-5**

**कपिल ज्ञानपीठ विद्यालय,**
शिप्रा पथ, गंगा जमुना पैट्रोल पम्प, मानसरोवर, जयपुर

**जोन-6**

**श्री माहेश्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय,**
विजयपथ, तिलक नगर, जयपुर

## बृजमोहन बाहेती कार्यवाहक महामंत्री

समाज महामंत्री श्री मनोज जी मूंदड़ा ने 29 मई, 2025 को समाज अध्यक्ष श्री केदार मल भाला के नाम लिखे पत्र में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए महामंत्री पद से त्यागपत्र दिया था। 12 जून, 2025 को हुई समाज कार्यकारिणी सभा में अध्यक्ष जी ने इसकी जानकारी सदन को दी तथा उनका (श्री मनोज मूंदड़ा) त्यागपत्र स्वीकार करते हुए वरिष्ठ संयुक्त मंत्री श्री बृजमोहन जी बाहेती को कार्यवाहक महामंत्री मनोनीत किया है।

## बॉक्स क्रिकेट मैच NMPL-2025 का आयोजन



महेश जयंती के उपलक्ष पर निवारू रोड माहेश्वरी परिवार प्रीमियर लीग **बॉक्स क्रिकेट मैच NMPL-2025 प्रथम** 15 जून 2025 को आयोजित किया गया। यह आयोजन 15 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के लिए रखा गया जिसमे कपिल सोमानी टीम Winner, नन्द किशोर जाजू टीम 1st Ruuner-up, निखिल फलोड टीम 2nd Runner-up रही।

सभी विजेता, उप विजेता एवं सैकंड रनर को मैडल प्रदान किया गया।

सभी खिलाड़ियों एवं आगन्तुकों के लिए अल्पाहार एवं एनर्जी पेय की व्यवस्था रखी गयी। इसमें मुख्य प्रायोजक श्री अनिल अजमेरा, श्री मुकेश बाहेती (Baheti Optician, VDN), श्री विकास झंवर (ज्योतिष आचार्य), श्री गौरव जाजू, श्री गोविन्द मारू (विधान), श्री हेमंत मोहता का योगदान रहा।

यह आयोजन एवरग्रीन क्रिकेट अकादमी, निवारू रोड, झोटवाड़ा, जयपुर में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य संयोजक श्री नन्द किशोर जाजू, श्री विष्णु तोषनीवाल, श्री अमित मूंदड़ा, कपिल सोमानी रहे।

## राजेश कालानी फाउंडेशन द्वारा आँखों के ऑपरेशन का शिविर



राजेश कॉलोनी फाउंडेशन ने शंकर आई हॉस्पिटल, विद्याधर नगर के साथ मिलकर आंखों में मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाने का भी अभियान चलाया है। मई माह में 79 लोगों के नेत्र प्रत्यारोपण का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें 500 से अधिक लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच की गई तथा 79 ऑपरेशन हुए। अब इसी कड़ी में 24 अगस्त, 2025 को भी वी.के.आई. एरिया के रीक्रिएशन क्लब में आंखों का ऑपरेशन शिविर लगाया जा रहा है जिसमें 1000 से अधिक लोगों की आंखों की जांच का लक्ष्य रखा गया है। यह सभी ऑपरेशन शंकरा ऑई हॉस्पिटल विद्याधर नगर के साथ मिलकर ही किए जाएंगे, जिसमें रोगियों को निःशुल्क रहने की व्यवस्था भोजन की व्यवस्था दवाई एवं चश्मा आदि सभी शामिल है। रजिस्ट्रेशन के लिये राजेश कालानी फाउंडेशन के फाउंडर ट्रस्टी श्री सुरेश कालानी से 9829016000 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# कृष्णधाम वृद्धाश्रम

**दानदाताओं द्वारा सहयोग राशि :** **लागत (₹)**

1. **संरक्षक- Er. ज्योतिकुमार जी माहेश्वरी** (नियमित मासिक सहयोगी)
   लगातार तीसरे वर्ष भी बाबत दूध 25,000
2. **सारडा जी (जयपुर) - (नियमित मासिक सहयोगी)**
   गुप्तदान तेल- 2 टीन, घी-1 टिन 14,000
3. **मै. गणगौर बेसन (श्री आशीष मंत्री)** (नियमित मासिक सहयोगी)
   विविध राशन 7,100
4. **श्री वैभव सोमानी, श्री अनुज मूंदड़ा, श्री अभिषेक भूतड़ा एवं श्री लक्ष्मण पेडिवाल** (नियमित मासिक सहयोगी)
   चाय पत्ती+दाले वगैरह 5,500
5. **श्रीमती नम्रता मंगल, बनीपार्क** (नियमित मासिक सहयोगी)
   विविध राशन 2,100
6. श्रीमती मधुलिका मूंदड़ा धर्मपत्नी श्री शशिकांत मूंदड़ा द्वारा
   (श्री सुरेश कालानी व श्री दिनेश भूतड़ा की प्रेरणा व प्रयास से)
   आश्रम में वृद्धजनों के लिये 1.5-T के 3 AC लगवाये 1.21 लाख
7. भामाशाह श्री चांदमल राठी द्वारा आश्रमवासियों को
   श्री सालासर धाम एवं श्री खाटू नरेश की यात्रा करवाई 21,000
8. श्री अनिल कुमार-गायत्री जी मालपानी (मसाले) 4,100
9. माहेश्वरी प्रगति प्राइम क्लब-भजन संध्या
   (श्रीमती अंजू मारू-रेनवाल एवं श्रीमती प्रीति झंवर) 3,100
10. श्री यशस्वी शुक्ला (राशन) 2,500
11. श्री रामअवतार-चिरायु जी लड्डा (मुंबई) - आम 2,100
12. श्रीमती शकुन्तला धूत 2,000
13. श्रीमती मंजू जी डाल मिया (सिलीगुड़ी) - फल 1,500
14. श्री राकेश-सुनीता जी बडगोती (आम वगैरह) 1,100
15. श्रीमती साक्षी-मुकुल जी मांधना -आम 1,100
16. श्रीमती बीना भार्गव (राशन), श्री राहुल गुप्ता (फल) 1,100

**भोजन प्रसादी एवं नास्ता (आश्रमवासियों संग) द्वारा :-** श्री राजकुमार कचोलिया (गोविन्द जी राठी), श्री तरुण मूंदड़ा, श्रीमती राखी चांडक, श्री देवेन्द्र- ममता बाहेती, माहेश्वरी प्रगति प्राइम क्लब (श्रीमती अंजू मारू, रेनवाल एवं श्रीमती प्रीति झंवर) श्री राकेश-सुनीता जी बडगोती, श्री बिमल-अनिता अग्रवाल, श्रीमती साक्षी-मुकुल मांधना, श्री पुरुषोत्तम फलोड़, श्रीमती राखी चांडक (श्री राम सहायजी मांधना), श्रीमती रीना खटोड (श्री महेश चांडक)।

■ **Er. श्रीबल्लभ मारू**
(वरिष्ठजन आवास व कल्याण मंत्री) मो. 99833-11352

## Chef Gourang Beeyani : Culinary Professional Head Line Cook Cultural Cuisine Enthusiast



Chef Gourang Beeyani's journey began in the humble warmth of his grandmother's kitchen in India, where his passion for food was sparked at an early age. Raised in a business family, Gourang naturally gravitated toward hospitality, finding joy in experimenting with savory dishes to feed his large family of ten. Over time, his curiosity evolved into a deep appreciation for culinary techniques and the powerful way food can convey cultural stories and unite people.

A graduate of the prestigious **Welcomgroup Graduate School of Hotel Administration, Manipal (Class of 2020),** Gourang holds a **Bachelor's degree in Culinary Arts.** He took his talent abroad in 2022, representing **Sheraton Grand Doha Resort & Convention Hotel** during the **FIFA World Cup Qatar 2022,** where he earned a **Certificate of Appreciation** for his outstanding performance and lasting contribution. He also served in the launch of the **Al Kharsaah Solar Power Plant,** one of Asia's largest solar facilities.

Further sharpening his skills, Gourang served as a **Hotel Operations Management Trainee at Taj Falaknuma Palace,** where he mastered the art of creating not just meals, but memorable dining experiences. His dedication and teamwork stood out as he worked under pressure to maintain the high standards of a world-class kitchen.

Currently, Gourang is thriving as a **Head Line Cook at The Ritz-Carlton, Sarasota, USA,** where he contributes his expertise to the Beach Club as well as banquet and fine dining kitchens. His ability to adapt and lead in diverse culinary environments has been recognized with multiple "First Class Cards" from the hotel's leadership—one for his contributions during a hurricane and another for elevating operations at the Beach Club.

With a blend of international exposure, a strong foundation in culinary education, and a deep-rooted love for food, Chef Gourang Beeyani continues to pursue excellence, bringing heart, heritage, and hospitality to every plate he serves.




## नर सेवा, नारायण सेवा :
## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प

श्री दिलीप जी मणिहार के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 19 जून, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री दिलीप जी मणिहार के ऑफिस स्टाफ सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्री दिलीप जी मणिहार के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 26 जून, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री दिलीप जी मणिहार के ऑफिस स्टाफ सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्रीमती सरोज जी माहेश्वरी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को शुक्रवार, दिनांक 03.07.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढ़ा, श्रीमती प्रीति कचोलिया, श्रीमती सरोज मनिहार, श्रीमती कांता बगला, विधि कचोलिया सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्री नन्दकिशोर जी कोठ्यारी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 10.07.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढ़ा, श्री श्याम सुंदर भण्डारी एवं परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।








# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
का
# नवीन प्रकल्प




## बी-173-174, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर, जयपुर

### विशेष सूचना

**सदस्यता :** 'आनन्दम्' श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी भवन, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर के निर्माण का कार्य अन्तिम चरण में है। समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली गई है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार है:

| क्रम | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| (i) | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि |
| (ii) | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम |
| (iii) | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम |
| (iv) | प्रमुख सदस्य | 1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम |
| (v) | साधारण सदस्य | 11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम |

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या **211100000000501**, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय को प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। – **संपादक**

## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए



# वर्ग पहेली-17

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | 8 | 9 | | |
| 10 | | | | 11 | | | | |
| 12 | | | | | | | | |
| 13 | | | | | | | 14 | 15 |
| | | 16 | | | 17 | | | |
| 18 | | | 19 | | | | 20 | |
| | | 21 | | | 22 | | | |
| 23 | | | 24 | | | | 25 | |

## संकेत : बाएँ से दाएं

1. समस्त, समूचा (2)
3. संबंध-विच्छेद (3)
5. अड़हुल (2)
7. मच्छरदानी (4)
8. एक पक्षी (2)
10. झाड़, झंखाड़ (2)
11. क्रूर, मानवता रहित (5)
12. जानबूझकर, इच्छापूर्वक (5)
13. सौ (2)
14. मूर्छा (2)
17. गुजर-बसर (5)
18. असुंदर (5)
20. युद्ध (2)
21. सरिता (2)
22. पदच्युत (4)
23. हृदय, इच्छा, अंत:स्थल (2)
24. ग्रिल सब्जी या माँस से बना एक व्यंजन (3)
25. विष्ठा, गंदगी (2)

## ऊपर से नीचे

1. समझाने की क्रिया, बुद्धिमानी (5)
2. रातभर का ठहराव (5)
3. शोरबा, रसा (2)
4. इस्लाम का मूल-मंत्र (4)
6. नाश्ता, कलेवा (3)
9. बंदर, मर्कट (3)
11. बिना रुके लगातार (5)
14. सुबह की पहली किरण के साथ, तड़के (5)
15. आश्रय का स्थान (5)
16. पुष्प, सुमन (3)
18. किसी के नाम पर, किसी के विरुद्ध (3)
19. गजल में काफिये के बाद आने वाला शब्द या शब्द समूह (3)
22. दान (2)



FIND 17 OBJECTS IN THE PICTURE



## वर्ग पहेली 16 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | 2 र | | 3 सी | | 4 क | | 5 पं | 6 क |
| 7 ल | स | ल | सा | | 8 मा | 9 स | | ट |
| 10 म | म | | | 11 मा | ल | वा | ह | क |
| 12 का | ला | बा | जा | री | | ल | | |
| 13 र | ई | | | जु | | | 14 स | 15 ज |
| | | 16 ता | | आ | 17 नं | द | म | ठ |
| 18 प | ट | बी | 19 ज | ना | | | 20 का | रा |
| र्व | | 21 ज | ल | | 22 ल | व | ली | न |
| 23 त | थ्य | | 24 सा | के | त | | 25 न | ल |

### पिछले अंक में दी गई प्रविष्टियों में से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियाँ

1. प्रणव हेडा सुपुत्र श्री हिमांशु हेडा (9 वर्ष)
2. ऋशान सुपुत्र श्री रवि भंसाली (8 वर्ष)
3. कविर सुपुत्र श्री रवि भंसाली (4 वर्ष)
4. भाविका तोतला सुपुत्री श्री रुचिर तोतला (10 वर्ष)

# योगाभ्यास

## से सीखे स्वस्थ जीवन के मंत्र

दिनांक 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन ई.सी.एम.एस. के तत्त्वावधान में एम.पी.एस., तिलक नगर के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्माननीय श्री ललित जी माहेश्वरी, आई.पी.एस. अधिकारी (रिटायर्ड) एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी, योग प्रशिक्षक श्री अमित जी खेमका के साथ ई.सी.एम.एस. के अध्यक्ष श्री केदार मल जी भाला, उपाध्यक्ष शिक्षा श्री बजरंग लाल जी बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहानी तथा कार्यक्रम के समन्वयक श्री कमल किशोर जी साबू एवं ECMS के पदाधिकारीगण और सदस्यगण तथा सभी विद्यालयों की प्रबंध समिति व भवन समिति के पदाधिकारीगण और सदस्यगण, समाज संरक्षकगण, समाजबंधु, आगंतुक महानुभाव, प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं शिक्षकवृंद उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उपस्थित समस्त गणमान्यजन ने माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर के परिसर में आयोजित योग की समस्त गतिविधियों का लाभ उठाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि वर्तमान समय में योग की प्रासंगिकता और भी प्रबल हो गई है। दिन-प्रतिदिन सामने आने वाली बीमारियों और महामारियों के इस दौर में मनुष्य को शारीरिक और मानसिक बल के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता की सर्वाधिक आवश्यकता है, जिसे पाना योग द्वारा ही संभव है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को बाल्यकाल से ही नियमित रूप से योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया जाना आज की महती आवश्यकता है, इससे उनका शारीरिक, मानसिक, आत्मिक तथा आध्यात्मिक विकास होगा।

योग प्रशिक्षक द्वारा योग, आसन तथा प्राणायाम की गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर योगाभ्यास कराया गया तथा प्रतिदिन किए जाने वाले व्यायाम में योग, आसन तथा प्राणायाम को सम्मिलित करने पर जोर दिया गया तथा उन्होंने यह भी बताया कि किस आसन या प्राणायाम से हमारे स्वास्थ्य पर क्या सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही शिक्षक, विद्यार्थी तथा जनसामान्य के लिए उपयोगी योग के विषय में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में एम.पी.एस., तिलक नगर के मानद् सचिव तथा कार्यक्रम के समन्वयक श्री कमल किशोर जी साबू ने योग के महत्त्व को बताते हुए अतिथियों का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।



## R-CAT की टेक्नोलॉजी वर्कशॉप (समर कैंप) में विद्यार्थियों ने लिया प्रशिक्षण



राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित राजस्थान सेन्टर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी की वर्कशॉप में विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RKCL) के सहयोग से 9 से 13 जून तक आयोजित वर्कशॉप में विद्यार्थी ग्राफिक डिजाइन, वेबसाइट डवलपमेंट, पाइथन प्रोग्रामिंग, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वीडियो एडिटिंग और कंटेंट क्रिएशन तथा मोबाइल एप डवलपमेंट आदि विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित हुए।

## फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम में शिक्षक हुए लाभान्वित



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) द्वारा 16 से 21 जून तक फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भाग लेकर शिक्षण के विविध कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया और लाभान्वित हुए। इनमें आर्ट इंटिग्रेशन, स्ट्रेस मैनेजमेंट, विद्यार्थियों का मानसिक विकास, साइबर सिक्योरिटी, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, करियर गाइडेंस व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आदि अनेक विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया गया।

## योगाभ्यास से सीखे स्वस्थ जीवन के मंत्र

विद्यालय में 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री ललित माहेश्वरी, आई.पी.एस अधिकारी (रिटायर्ड) एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी, योग प्रशिक्षक श्री अमित



खेमका के साथ ई.सी.एम.एस. के अध्यक्ष श्री केदार मल भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन बिहानी तथा कार्यक्रम के समन्वयक श्री कमल किशोर साबू एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षक द्वारा योग, आसन तथा प्राणायाम की गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर योगाभ्यास कराया गया तथा प्रतिदिन किए जाने वाले व्यायाम में योग, आसन तथा प्राणायाम को सम्मिलित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू ने योग का महत्त्व बताते हुए अतिथियों का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्टाफ पिकनिक का आयोजन

विद्यालय के समस्त स्टाफ के लिए 28 जून को सनराइज रिसॉर्ट में एक मनोरंजक पिकनिक का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य मनोरंजन के साथ आपसी सामंजस्य और सहयोग की भावना को मज़बूत करना था। पिकनिक के दौरान विभिन्न खेल, टीम-बिल्डिंग गतिविधियाँ और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। आनंदमय प्राकृतिक वातावरण और सैर-सपाटे ने सभी को नई ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।

## सेवानिवृत्ति समारोह में प्रेषित कीं शुभकामनाएँ

विद्यालय के लाहोटी सभागार में गणित विषय के वरिष्ठ अध्यापक श्री वीरेन्द्र सिंह धनखड़ तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री रामावतार शर्मा के सेवानिवृत्ति समारोह में मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू, भवन मंत्री श्री द्वारका दास नोवाल, विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य श्री महेश बाहेती व श्री रामकिशन सोनी उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्राप्त करने वाले दोनों महानुभावों का शॉल उढ़ाकर एवं



श्रीफल भेंट करके अभिनन्दन किया तथा स्मृति-चिह्न प्रदान करते हुए उनके दीर्घायु जीवन व उज्ज्वल भविश्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## एन.सी.सी. के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने जीते पुरस्कार



'1 राज आर्म्ड स्क्वाड्रन' एन.सी.सी. की ओर से दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जगतपुरा में किया गया। शिविर में विद्यालय में संचालित एन.सी.सी. के द्वितीय वर्ष के 20 कैडेट्स ने 23 जून से 02 जुलाई तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर में आयोजित विविध इंटर हाउस प्रतियोगिताओं में विद्यालय के कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें कैडेट ओम माहेश्वरी ने 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान तथा कैडेट मनीष सूर्यवंशी व अंश मित्तल ने टग ऑफ वार में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैंप में विद्यालय के छह कैडेट्स को कैंप कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राम मधुकर शर्मा ने सार्जेन्ट, कॉर्पोरल तथा लांस कॉर्पोरल की रैंक प्रदान की।

## छात्र-परिषद- 2025-26 ( प्राइमरी व सीनियर वर्ग ) का नवगठन व शपथ ग्रहण समारोह









विद्यालय के तक्षशिला सभागार में सत्र 2025-26 के लिए प्राइमरी व सीनियर वर्ग की छात्र-परिषद का नवगठन, अलंकरण व शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न पदों (हेड बॉय , हेड गर्ल, डेप्युटी हेड बॉय, डेप्युटी हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाईस कैप्टन, मार्टिनेन्ट) के लिए चयनित हुए छात्र-छात्राओं ने अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वाह करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मंदिर में दीप-प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र-परिषद के नवगठन के दोनों कार्यक्रमों में सम्मानित अतिथियों के रूप में सुप्रसिद्ध व्यवसायी व समाजसेवी श्री लोकेश मालपानी, राजकुमार डागा, श्री गिरधारी कनकानी, श्री मनीष भट्टड़, श्री हेमंत फलोड़ मंचासीन थे तथा साथ ही विद्यालय के मानद सचिव सीए अमित गट्टानी, भवनमंत्री श्री सुमित काबरा व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य श्री अमित जी सोनी, श्रीमती अरुणा गगरानी, प्राचार्य अशोक वैद, उप प्राचार्य डीडी पाठक उपस्थित रहे।

विद्यालय के मानद सचिव श्री सीए अमित जी गट्टानी ने अतिथियों व पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और विद्यालय को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। हेड बॉय राघव मोहता व हेड गर्ल वंशिका गुर्जर तथा डेप्युटी हेड बॉय मुकुंद सोनी व कुकुल शर्मा और डेप्युटी हेड गर्ल माही भुट्टन व धात्री पुरोहित समेत समस्त कैप्टन, वाइस कैप्टन व मार्टिनेन्ट ने शपथ लेकर विश्वास दिलाया कि विद्यालय में अनुशासन का पालन करते हुए विभिन्न गतिविधियों द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ विद्यालय को चौमुखी विकास देंगे। मंचासीन अतिथियों ने छात्र-परिषद के सदस्यों को निष्ठा एवं अनुशासन के साथ दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक जी वैद ने छात्र परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई एवं शुभाशीष प्रदान किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संक्षिप्त व रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसका आगाज़ शिव-स्तुति के साथ हुआ, उसके बाद फ्यूज़न डांस, रेट्रो डांस, ऑर्केस्ट्रा (वाद्य-वृंद) आदि प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन




जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में नॉर्दर्न स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप-2025 के अंतर्गत दिनांक 3 मई से 8 मई तक खिताबी मुकाबले खेले गए जिनमें विद्यालय की कक्षा-9 की छात्रा गौरी जायसवाल ने गर्ल्स अंडर-15 वर्ग में सिल्वर मैडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

उत्तराखंड के देहरादून में 26 से 30 अप्रेल तक स्क्वैश चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की कक्षा नौवीं की इसी छात्रा गौरी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश भर के खिलाड़ियों की स्पर्धा में जीत हासिल करते हुए अंडर-15 आयुवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त करके विद्यालय व जयपुर जिले का ही नहीं बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया।

विद्यालय की कक्षा-3 के छात्र ग्रहिल राज गिरधर व कक्षा-5 के छात्र शिवांग अरोड़ा ने 1 घंटा 25 मिनट तक बिना रूके लगातार स्केटिंग करके असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया और अपना नाम भारत बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड तथा लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया। इस अवसर पर दोनों छात्रों को प्रमाण पत्र और विशिष्ट पदक से सम्मानित किया गया।



कक्षा-4 की छात्रा अद्विती वत्स ने 25 मई को जय क्लब, जयपुर में आयोजित गोल्डन वॉयस ऑफ राजस्थान प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में प्रथम रनर-अप स्थान प्राप्त किया है। उन्हें ट्रॉफी और 11000 रुपये की राशि प्रदान की गई है।

## रोटरी क्लब, जयपुर ने एमपीएस को किया सम्मानित

16 मई 2025 को रोटरी क्लब , जयपुर द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में



एमपीएस, जवाहर नगर को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक परियोजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इस अवधि के दौरान शैक्षिक पहलों में विद्यालय के उत्कृष्ट योगदान को दर्शाता है।

## गणित विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती कविता सारस्वत की सेवानिवृत्ति







दिनांक 29 अप्रेल को विद्यालय के गणित विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती कविता सारस्वत की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर विद्यालय के मानद सचिव सीए अमित जी गट्टानी, विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती अरुणा जी गगरानी, प्राचार्य श्री अशोक वैद, व उपप्राचार्य श्री डीडी पाठक मंचासीन थे। विद्यालय की परंपरा के अनुसार प्रबंध समिति व प्राचार्य ने अध्यापिका का स्वागत-सत्कार किया तथा उन्हें उपहार भेंट किये। मानद सचिव श्री अमित गट्टानी ने अपने उद्बोधन में अध्यापिका कविता सारस्वत के सफल व सुदीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए विद्यालय की सर्वोन्नत्ति में उनके अमूल्य योगदान उन्हें भावी उज्ज्वल जीवन की शुभकामनाएँ दीं।

उल्लेखनीय है कि श्रीमती कविता सारस्वत ने 1 जुलाई, 2005 में नियुक्त होकर अनवरत 20 वर्षों के सेवाकाल में त्याग, समर्पण, ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए गणित विभाग की आधारशिला के रूप में अध्यापन-कार्य किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य डी.डी. पाठक ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। विद्यालय के गणित विभाग के शिक्षकों तथा अन्य शिक्षकों ने विदाई व शुभकामनाओं से संबंधित भाव-विभोर कर देने वाले मधुर गीत प्रस्तुत किए। पीपीटी के माध्यम से विद्यालय में सेवाकाल की अविस्मरणीय स्मृतियों को साकार किया गया। प्राचार्य श्री अशोक वैद ने अध्यापिका श्रीमती कविता के कार्यकाल से जुड़े प्रेरक-प्रसंगों को साझा करते हुए भाव-विह्वल होकर उनके आगामी जीवन में आरोग्य, समृद्धि की कामना की।

## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी गर्ल्स सी. सैकण्डरी स्कूल, चौड़ा रास्ता ✆ 2314646, 2313072

### महेश नवमी उत्सव का आयोजन





4 जून, 2025 को माहेश्वरी वंश का प्राकट्य उत्सव महेश नवमी बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। यह त्योहार भगवान शिव के भक्तों के लिए बहुत महत्त्व रखता है जो भक्ति, आध्यात्मिकता और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इन्हीं भावनाओं के चलते विद्यालय परिसर की सुंदर सजावट की गई। पधारे हुए पदाधिकारीगण, प्रबुद्धजन का तिलकार्चन व दुपट्टा पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों और सामुदायिक जुड़ाव से सरोबार दिन की शुरुआत माँ सरस्वती व भगवान महेश की विधिवत् पूजा-अर्चना, आराधना से की गई उनका फूलों से नयनाभिराम श्रृंगार करते हुए भावमय भक्ति से रिझाया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला, उपाध्यक्ष श्री बजरंग लाल जी बाहेती, महामंत्री श्री मनोज मूँदड़ा, कोषाध्यक्ष श्री अनिल जी सारड़ा, मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला, भवन मंत्री श्री प्रकाश जी काहल्या ने भगवान महेश के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए, सभी को इस वर्ष पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इसी दौरान समाज बंधुओं ने भगवान महेश के प्रति अपनी आस्था को प्रदर्शित करते हुए मानवता के कल्याण के लिए समर्पित रहने के संकल्प को दोहराया। सभी उपस्थित जन ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम को समापन की ओर ले जाते हुए कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने समाज अतिथिगण का हृदय से आभार व्यक्त किया एवं जलपान के साथ कार्यक्रम संपादित हुआ।

### Faculty Development Program-2025

ECMS जयपुर के तत्वाधान में MPS जवाहर नगर में 16 जून से 21 जून तक 6 दिवसीय FDP कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को सृजित करने वाले Mystic Brains के संस्थापक व निदेशक श्री विक्रम शर्मा व उनकी टीम के सदस्यों ने अनेक गतिविधियों तथा तकनीकों के माध्यम से शिक्षकवृंद को पाठ्यक्रम के साथ-साथ शिक्षार्थियों में भारतीय संस्कृति के पावन मूल्यों का बोध कराने व शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को रोचक बनाने के लिए नवाचारों पर विशेष बल दिया। साथ ही अपनी शिक्षक प्रक्रिया को नया आकार देने हेतु प्रेरित किया।



### योग दिवस

